संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, मंगलवार, 07 नवंबर 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी प्रदेश को आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने के लिए निवेशकों को उत्तराखंड लाने पर दृढ़ प्रतिज्ञ हैं। विदेशों के भ्रमण के बाद उन्होंने अब दक्षिणी भारत, मुंबई का रुख किया है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 17 अंक: 298 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# दिल्ली: 13 नवंबर से लागू होगा ऑड-ईवन

## = दिल्ली की जहरीली हवा: 10 नवंबर तक स्कूल बंद, दिल्ली में लगीं नई पाबंदियां

**फैसला**

**8 स्कूल की भी होगी छुट्टी, वर्क फ्रॉम होम पर आ सकता है फैसला, दिल्ली में लगीं नई पाबंदियां**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राजधानी** दिल्ली में वायु प्रदूषण को लेकर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को उच्च स्तरीय बैठक की। इसमें पर्यावरण मंत्री, परिवहन मंत्री, स्वास्थ्य मंत्री समेत वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदूषण की वर्तमान स्थिति और सरकार द्वारा प्रदूषण कम करने को लेकर किए जा रहे कार्यों की गहन समीक्षा की और कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गए। बैठक में हुए निर्णयों के बारे में मीडिया को विस्तार से जानकारी देते हुए पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बताया कि सरकार ने दिल्ली में 13 से 20 नवंबर तक ऑड-ईवन लागू करने का निर्णय लिया है। ऑड वाले दिन सिर्फ 1, 3, 5, 7, 9 और ईवन वाले दिन 0, 2, 4, 6, 8 नंबर प्लेट की गाड़ियां ही चलेंगी। इस संबंध में विस्तृत कार्य योजना बनाने के लिए ट्रांसपोर्ट और ट्रैफिक पुलिस समेत संबंधित विभागों के साथ मंगलवार को बैठक की जाएगी।




### सोमवार को एक्यूआई 436 दर्ज किया गया: गोपाल

30 अक्टूबर को दिल्ली में एक्यूआई 347 था, जबकि पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि बीते 30 अक्टूबर से प्रदूषण के स्तर में धीरे-धीरे बढ़ोतरी देखी जा रही है। वैज्ञानिकों और मौसम विभाग के विश्लेषण के अनुसार दिल्ली के अंदर प्रदूषण में वृद्धि का मुख्य कारण तापमान का लगातार गिरना और हवा की गति बहुत कम होना है। 30 अक्टूबर से हवा की गति ठहराव की स्थिति में है। 30 अक्टूबर को दिल्ली में एक्यूआई 347 था।

### 'समितियां गठित करने से प्रदूषण खत्म नहीं होगा'

सुप्रीम कोर्ट में प्रदूषण के आकलन के लिए जिला स्तर पर एक स्थायी विशेषज्ञ समिति गठित करने की मांग वाली याचिका दाखिल हुई। हालांकि, कोर्ट ने इस याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि यह पूरी तरह से नीतिगत मामला है। पीठ में न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे। उन्होंने कहा, 'क्या आपको लगता है कि अगर देश भर के सभी जिलों में समितियां होंगी तो प्रदूषण खत्म हो जाएगा।'
**याचिका खारिज हुई:** पीठ द्वारा मामले पर विचार करने में अनिच्छा व्यक्त करने पर याचिकाकर्ता के वकील ने जनहित याचिका वापस ले ली और



मामले को वापस लिया गया मानकर खारिज कर दिया गया। शीर्ष अदालत अजय नारायणराव गजबहार द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें प्रदूषण के आकलन के लिए जिला स्तर पर एक स्थायी विशेषज्ञ समिति गठित करने के निर्देश देने की मांग की गई थी। दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल के डॉक्टर नीरज गुप्ता ने 5 नवंबर को कहा था कि प्रदूषण का सबसे ज्यादा खतरा प्रेग्नेंट महिलाओं और बच्चों को होता है।

उन्होंने बताया कि दिल्ली में 5वीं तक स्कूल पहले ही 10 नवंबर तक बंद रखने के आदेश दिए जा चुके हैं लेकिन अब 6वीं, 7वीं, 8वीं, 9वीं और 11वीं की कक्षाएं भी 10 नवंबर तक बंद रहेंगी। बोर्ड परीक्षा को देखते हुए 10वीं और 12वीं कक्षाएं जारी रखने का निर्णय लिया गया है।

## उत्तराखंड: 'जीएसडीपी 5 वर्षों में दोगुना करने का लक्ष्य'



**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
**मुख्यमंत्री** पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को मुम्बई में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए आयोजित रोड शो में प्रतिभाग करते हुए कहा कि उत्तराखंड ने अपनी जीएसडीपी को आगामी 5 वर्षों में दोगुना करने का लक्ष्य निर्धारित किया है, इस क्रम में सशक्त उत्तराखंड मिशन प्रारंभ किया है। इस दौरान मुख्यमंत्री धामी ने देश के प्रमुख उद्योग समूहों के साथ बैठक कर उत्तराखंड में निवेश की सम्भावनाओं पर चर्चा करते हुए कहा कि महाराष्ट्र, विशेषकर मुंबई और उत्तराखंड एक दूसरे के पूरक हैं। मुख्यमंत्री ने सभी निवेशकों को आगामी 8-9 दिसम्बर को आयोजित होने वाले ग्लोबल इन्वेस्ट समिट के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुंबई देश की आर्थिक राजधानी ही नहीं बल्कि यह भारत के विकास की अनूठी कहानी का एक प्रमुख भाग है। जहां मुंबई देश की आर्थिक राजधानी है, वहीं उत्तराखंड देश की आध्यात्मिक राजधानी है, इसलिए इन दोनों के

**लक्ष्य निर्धारित**

**8 सीएम ने निवेशकों को 8-9 दिसम्बर को आयोजित होने वाले ग्लोबल इन्वेस्ट समिट के लिए आमंत्रित किया**

बीच परस्पर समन्वय एवं साझेदारी अत्यंत आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी राष्ट्र के विकास के लिए जहां आधुनिक तकनीक और प्रबंधकीय कौशल आवश्यक है वहीं आध्यात्मिक शक्ति एवं शांति भी अत्यंत आवश्यक है। 8-9 दिसंबर को आयोजित होने वाले उत्तराखंड ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट-2023 भी इसी मिशन का एक विशिष्ट भाग है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में औद्योगिक क्षेत्र में निवेश बढ़ेगा तो रोजगार के अवसरों में वृद्धि हो सकेगी। उन्होंने कहा कि अब तक के रोड श से लगभग एक लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।

## फास्ट न्यूज

### दिल्ली-एनसीआर में फिर लगे भूकंप के झटके

**नई दिल्ली:** राजधानी दिल्ली सहित आसपास के शहरों में एक बार फिर से भूकंप के झटके लगे हैं। इस दौरान लोग घरों से बाहर निकल आए। अभी तक किसी भी तरह के अप्रिय समाचार की सूचना नहीं है। भूकंप के झटके 4 बजकर 16 मिनट पर महसूस किए गए। बता दें इस महीने में दूसरी बार दिल्ली-एनसीआर में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। शुक्रवार की रात को नेपाल में भूकंप आया था, जिसमें लगभग 150 लोगों के मारे जाने की सूचना है। भूकंप का केंद्र नेपाल है, जिसके झटके दिल्ली-एनसीआर तक महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5 .6 रही।

### तीन हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस को सुप्रीम कोर्ट के जज के रूप में नियुक्त करने की अनुशंसा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने तीन हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस को सुप्रीम कोर्ट के जज के रूप में नियुक्त करने की अनुशंसा की है। कॉलेजियम की आज हुई बैठक में इस आशय की अनुशंसा की गई। कॉलेजियम ने दिल्ली हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा, राजस्थान हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह और गौहाटी हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संदीप मेहता को सुप्रीम कोर्ट के जज के रूप में नियुक्त करने की अनुशंसा की है। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट में स्वीकृत जजों की संख्या 34 है। फिलहाल सुप्रीम कोर्ट में 31 जज हैं। अगर केंद्र सरकार इन अनुशंसाओं के मुताबिक नियुक्त करने की अनुशंसा स्वीकार कर लेती है तो सुप्रीम कोर्ट में जजों की संख्या 34 हो जाएगी।

### स्कूली छात्राओं को नैपकिन उपलब्ध कराने के लिए ड्राफ्ट नीति तैयार

**नई दिल्ली।** स्कूल में छात्राओं को नैपकिन उपलब्ध कराने के लिए ड्राफ्ट नीति तैयार कर ली गई है और उसे सभी पक्षों को सकुर्लेट कर दिया गया है। केंद्र सरकार ने ये सूचना सुप्रीम कोर्ट को दी।

## 'जेल से दिल्ली की सरकार चलाएंगे केजरीवाल'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मुख्यमंत्री** अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को आम आदमी पार्टी के विधायकों की बैठक बुलाई। बैठक के बाद आम आदमी पार्टी ने कहा कि पार्टी के सभी नेताओं ने अरविंद केजरीवाल से मुख्यमंत्री बने रहने का आग्रह किया, चाहे वह गिरफ्तार ही क्यों न हो जाएं। जेल से काम करने के लिए जाएंगे कोर्ट- आतिशी
दिल्ली की मंत्री आतिशी ने कहा कि अगर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ईडी ने गिरफ्तार किया तो हम जेल से काम करने के लिए कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे। आतिशी ने कहा, "कोर्ट से हम परमिशन लेंगे कि कैबिनेट की मीटिंग जेल के अंदर हो सके। जरूरत होगी



**एक सुर में...**

**8 गिरफ्तारी के बाद भी अरविंद केजरीवाल ही सीएम बने रहें जेल से ही सरकार चलेगी**

तो सारे अफसर वहां पर जाएंगे। अगर जरूरत हुई तो हम वहां पर कैबिनेट मीटिंग की फाइल ले जाने की कोर्ट से परमिशन लेंगे। दिल्ली की सरकार अरविंद केजरीवाल जेल से चलाएंगे।"
**जनता ने सरकार चलाने का जनादेश दिया: सौरभ भारद्वाज**
बता दें कि दिल्ली शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ईडी ने समन जारी किया था। हालांकि, केजरीवाल समन को राजनीतिक रूप से प्रेरित करार देते हुए ईडी के सामने 02 नवंबर को पेश नहीं हुए। अब आप विधायकों की बैठक के बाद भारद्वाज ने कहा कि सभी विधायकों ने कहा कि अगर केजरीवाल गिरफ्तार होते हैं तो भी वह मुख्यमंत्री बने रहेंगे।

## 'भारत-कनाडा रिश्ते सबसे खराब दौर से गुजर रहे'

**टीम एकशन इंडिया/चंडीगढ़**
**खालिस्तानी** आतंकी निज्जर की हत्या के बाद से ही भारत और कनाडा के रिश्तों में खटास आई है। पीएम ट्रूडो ने आरोप लगाया था कि निज्जर की हत्या के पीछे भारत की खुफिया एजेंसी है। जिसके बाद से ही दोनों देशों के संबंधों में दरार आ गई। कई विशेषज्ञों का मानना है कि भारत और कनाडा के रिश्ते अपने सबसे खराब दौर से गुजर रहे है। अधिकारियों और विशेषज्ञों की माने तो कनाडाई लोगों पर कुछ वीजा प्रतिबंधों को कम करने के नई दिल्ली के आश्चर्यजनक कदम के बावजूद अभी भी भारत और कनाडा के बीच खराब राजनयिक संबंधों को सुधरने की एक लंबी प्रक्रिया होगी।

## 'वोकल फॉर लोकल अभियान को गति मिल रही'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने पर एक प्रेरणादायक वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया। उन्होंने कहा कि वोकल फॉर लोकल अभियान को देशभर में काफी गति मिल रही है। मोदी ने नागरिकों से नमो ऐप पर स्वदेशी उत्पादों के साथ सेल्फी साझा करने और यूपीआई के माध्यम से भुगतान करने का भी आग्रह किया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने एक्स और इंस्टाग्राम हैंडल पर एक विज्ञापन शेयर किया है, जिसमें अनुपमा सीरियल की कलाकार रूपाली गांगुली और गौरव खन्ना लोकल के लिए



वोकल हो रहे हैं। मोदी ने एक्स पोस्ट में लिखा, "वोकल फॉर लोकल अभियान को पूरे देश में बड़ी गति मिल रही है।"
प्रधानमंत्री द्वारा साझा वीडियो में दिखाया गया है कि अनुपमा सीरियल की कलाकार रूपाली गांगुली और गौरव खन्ना वोकल फॉर लोकल को लेकर मुखर हैं। दोनों कलाकारों ने एक विज्ञापन में

**बढ़ावा**

**8 नमो ऐप पर स्वदेशी उत्पादों के साथ सेल्फी साझा करने यूपीआई के माध्यम से भुगतान करने का भी आग्रह किया**

अनुपमा और अनुज कपाड़िया की अपनी भूमिका दोहराई, जहां वे लोगों को स्थानीय खरीदारी के लिए प्रेरित करते दिख रहे हैं। यह विज्ञापन लोगों हमेशा बड़े और ब्रांडेड उत्पादों के बजाय स्थानीय ब्रांडों को भी मौका देने के लिए कहता है।

## 'इस दशक के अंत तक भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था होगा'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**उपराष्ट्रपति** जगदीप धनखड़ ने सोमवार को कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत एक चमकता हुआ सितारा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस दशक के अंत तक भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगी।
उपराष्ट्रपति ने आज संसद भवन देखने आये सैनिक स्कूल, झुंझुनूं (राजस्थान) के छात्रों से संसदीय सौध में संवाद किया। उल्लेखनीय है कि 27 अगस्त को उपराष्ट्रपति राजस्थान के दौरे पर गए थे, जहां उन्होंने सैनिक स्कूल झुंझुनू के छात्रों को संबोधित किया था। इस अवसर पर धनखड़ ने छात्रों को संसद के नए भवन के भ्रमण के लिए आमंत्रित किया था।
उपराष्ट्रपति की इस पहल पर सैनिक स्कूल, झुंझुनूं के 20 छात्रों का एक समूह तीन दिवसीय यात्रा पर दिल्ली पहुंचा है। कल दिल्ली पहुंचने पर इन छात्रों ने प्रधानमंत्री संग्रहालय देखा था, और आज उन्हें संसद के नए और पुराने दोनों भवनों का भ्रमण कराया गया। सात नवंबर को इन छात्रों का इंडिया गेट, राष्ट्रीय समर स्मारक (वार मेमोरियल), महात्मा गांधी की समाधि राजघाट और राष्ट्रपति भवन के भ्रमण का भी कार्यक्रम है। उपराष्ट्रपति से मुलाकात के दौरान छात्रों ने अपने अनुभव साझा किये। उपराष्ट्रपति ने उनसे कहा



**चमकता सितारा**

**8 वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत एक चमकता हुआ सितारा: उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़**

कि आज भारत जिस गति के साथ आगे बढ़ रहा है, ऐसा पहले कभी नहीं हुआ था। एक समय था जब हमें दुनिया की पांच सबसे कमजोर अर्थव्यवस्थाओं में गिना जाता था और आज हम दुनिया की पांचवी सबसे मजबूत अर्थव्यवस्था बन चुके हैं। उन्होंने यह भी कहा इस विकास यात्रा के दौरान हमने बड़ी-बड़ी अर्थव्यवस्थाओं को पीछे छोड़ा है और अब हम जर्मनी और जापान को भी पीछे छोड़ने वाले हैं। वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत आज एक चमकता हुआ सितारा है।

## अदाणी-हिंडनबर्ग: 'जनहित याचिकाओं की हियरिंग पर हो रही देरी'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सुप्रीम** कोर्ट अदाणी-हिंडनबर्ग विवाद पर जनहित याचिकाओं को सूचीबद्ध करने की याचिका पर विचार करेगा। याचिकाकर्ताओं में से एक की ओर से पेश वकील प्रशांत भूषण ने मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ को बताया कि ये जनहित याचिकाएं 28 अगस्त को सूचीबद्ध की जानी थीं। हालांकि, इस मामले को टाल दिया गया। इस पर सीजेआई ने जवाब दिया कि 'मैं कोर्ट रजिस्ट्री से जांच करूंगा। 11 जुलाई को, शीर्ष अदालत ने



भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड से अदाणी समूह द्वारा स्टॉक मूल्य में हेरफेर के आरोपों की चल रही जांच की स्थिति के बारे में पूछा था। अदालत ने सेबी को जांच के लिए 14 अगस्त तक का समय देते हुए कहा था कि जांच जल्द पूरी की जानी चाहिए। बाद में, पूंजी बाजार नियामक ने अदाणी-हिंडनबर्ग जांच पर एक स्थिति रिपोर्ट दायर की और कहा कि वह टैक्स हेवेन से जानकारी का इंतजार कर रहा है।
**सेबी ने दी थी जांच को लेकर कोर्ट को जानकारी :** सेबी ने अपनी रिपोर्ट में कहा था कि उसने अदाणी समूह के खिलाफ दो को छोड़कर सभी आरोपों की जांच पूरी कर ली है और समूह में निवेश करने वाले विदेशी निवेशकों के वास्तविक मालिकों के बारे में अभी भी पांच टैक्स हेवेन से जानकारी का इंतजार कर रही है।

### 'हेरफेर का कोई स्पष्ट पैटर्न' नहीं देखा

**समिति** ने मई में एक अंतरिम रिपोर्ट में कहा था कि उसने अरबपति गौतम अदाणी की कंपनियों में 'हेरफेर का कोई स्पष्ट पैटर्न' नहीं देखा और कोई नियामक विफलता नहीं हुई। हालांकि, इसने 2014 और 2019 के बीच सेबी द्वारा किए गए कई संशोधनों का हवाला दिया। 17 मई को, शीर्ष अदालत ने निर्देश दिया था कि शीर्ष अदालत द्वारा नियुक्त न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) ए एम सप्रे विशेषज्ञ समिति द्वारा उसके समक्ष प्रस्तुत रिपोर्ट की प्रतियां पार्टियों को उपलब्ध कराई जाएं।

## 27 रुपये किलो आटा बेच रही है सरकार

**नई दिल्ली:** चुनावी सीजन में सरकार महंगाई को लेकर कोई जोखिम नहीं लेना चाहती है। अगले पांच साल तक 80 करोड़ गरीब जनता को मुफ्त में राशन देने की घोषणा के बाद सरकार अब आटा व दाल भी सस्ते दाम पर मुहैया कराने जा रही है। सोमवार से सरकार खुले बाजार की तुलना में सस्ते दाम पर भारत आटा बेचने की शुरूआत करने जा रही है। इसकी कीमत 27 रुपये प्रति किलोग्राम हो सकती है।
**गेहूं की लगातार बढ़ती कीमत की वजह से फैसला:** खुले बाजार में गैर-ब्रांडेड आटे की खुदरा कीमत 35-36 रुपये किलो है तो ब्रांडेड आटा 40-50 रुपये प्रति किलोग्राम पर बिक रहा है।

## 'जलवायु परिवर्तन की समस्या को बढ़ाने वाले खाद्य पदार्थों से दूरी बनाएं'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि खाने-पीने की ऐसी चीजों से दूर रहने की जरूरत है जो जलवायु परिवर्तन की समस्या को बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे खाद्य पदार्थों को चुनने की जरूरत है जो प्रकृति को कोई नुकसान नहीं पहुंचाते हैं। राष्ट्रपति राष्ट्रीय राजधानी में तीन दिवसीय वर्ल्ड फूड इंडिया कार्यक्रम के



समापन सत्र को संबोधित कर रही थीं। राष्ट्रपति मुर्मु ने दुनिया के कई हिस्सों में भूख की समस्या पर भी चिंता व्यक्त की और कहा कि बड़े पैमाने भुखमरी का बढ़ना वितरण की कमी के कारण है क्योंकि दुनिया पर्याप्त भोजन का उत्पादन कर रही है। उन्होंने कहा कि हम जो खाते हैं हमें उसके पर्यावरणीय मूल्य को भी ध्यान में रखना चाहिए।

**हथकरघा** मुख्यमंत्री मनोहर लाल की बड़ी घोषणा, हरियाणा सरकार ने बढ़ाया गन्ने की अगेती फसल का रेट

## गन्ना किसानों को मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने दिया दिवाली तोहफा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश के गन्ना उत्पादक किसानों को दिवाली का तोहफा देते हुए गन्ने के मूल्य में बढ़ोतरी की घोषणा की है। उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि इस वर्ष के लिए गन्ने का मूल्य अगेती किस्म के लिए 372 रुपए प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 386 रुपए प्रति क्विंटल घोषित किया जाता है, जोकि 14 रुपये की पर्याप्त वृद्धि है।
इसके साथ ही, मुख्यमंत्री ने अगले साल के लिए भी गन्ने के रेट में बढ़ोतरी की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष जिन दिनों गन्ने का रेट घोषित होता है, उन दिनों में



आचार संहिता लगी होगी। इसलिए विभाग से परामर्श करके अगले वर्ष के लिए गन्ने का रेट 400 रुपए प्रति क्विंटल घोषित किया जाता है। सरकार द्वारा लिए गए इस निर्णय का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि गन्ना किसानों को उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण के लिए उचित मूल्य मिले। मुख्यमंत्री ने गन्ने की दरों में उल्लेखनीय वृद्धि करके गन्ना किसानों को प्रोत्साहित किया है और अगले वर्ष भी सरकार की ओर से समर्थन जारी रखने का वादा किया है।

**सौगात**

**8 372 रुपये प्रति क्विंटल से 14 रुपये बढ़ाकर किया 386 रुपये प्रति क्विंटल, अगले साल 400 रुपये प्रति क्विंटल होगा**

श्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रदेश के किसान भाई बहुत ही परिश्रम से खेती करते हैं और अपनी उपज बाजार में बेचकर हरियाणा की आर्थिक स्थिति को मजबूत करते हैं। राज्य सरकार भी सदैव किसान हित में निर्णय लेती है और हम उनके कल्याण के लिए प्रतिबद्धता हैं।
इन्हीं प्रयासों के फलस्वरूप हरियाणा एकमात्र ऐसा राज्य है, जहां 14 फसलों की खरीद एमएसपी पर की जाती है।
उन्होंने कहा कि सरकार के इस कदम से गन्ना किसानों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ने और हरियाणा के कृषि क्षेत्र की समृद्धि में योगदान होने की उम्मीद है।

# दिल्ली में प्रदूषण से हालात बने चिंताजनक...

## ऑड-ईवन इससे पहले वर्ष 2016, 2019 में लागू हो चुका है, दिल्ली में ऑड-ईवन नियम दिवाली बाद 13 नवंबर से लागू हो जाएगा, जो 20 नवंबर तक लागू रहेगा

**कम होगा प्रदूषण**

**ऑड-ईवन इससे पहले वर्ष 2016, 2019 में लागू हो चुका है। इससे कुछ हद तक प्रदूषण को कम करने में सहायता मिलती है**






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**

**राजधानी** दिल्ली में प्रदूषण से हालात चिंतजनक हैं। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की सलाह पर दिल्ली सरकार ने प्रदूषण को कम करने के लिए ऑड-ईवन फॉर्मूला लागू किया है। इसके चलते अब राजधानी की सड़कों पर दौड़ने वाले वाहनों के लिए नियम बदल गए हैं। अब सड़कों पर वाहनों की संख्या कम हो जाएगी। ऑड-ईवन इससे पहले वर्ष 2016, 2019 में लागू हो चुका है। इससे कुछ हद तक प्रदूषण को कम करने में सहायता मिलती है। दिल्ली में ऑड-ईवन नियम दिवाली बाद 13 नवंबर से लागू हो जाएगा, जो 20 नवंबर तक लागू रहेगा।

**क्या है ऑड-ईवन नियमः** ऑड-ईवन नियम पहली बार वर्ष 2016 में प्रदूषण बढ़ने पर लागू किया गया था। इस नियम के तहत सड़कों पर निजी वाहन को वैकल्पिक दिन दिए जाते हैं, जिस दिन वो अपने वाहनों को सड़कों पर दौड़ा सकते हैं और वो दिन उनकी नंबर प्लेट के आखिरी अंक पर निर्भर करता है। इस योजना के तहत अगर आपने गाड़ी के नंबर का आखिरी अंक सम है तो वाहन सम तारीख पर सड़कों पर चलेंगे। इसके साथ ही अंक अगर विषम है तो विषम तारीख को वाहन सड़क पर चलेंगे।

**एक हफ्ते रहेगा ऑड-ईवेनः** दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करके कहा कि प्रदूषण कम करने के लिए नियमित तौर पर कदम उठाए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि दिवाली के बाद दिल्ली प्रदूषण का स्तर बढ़ सकता है, उसको देखते हुए दिवाली के अगले दिन एक हफ्ते का ऑड-ईवेन का फामूर्ला लागू किया जाएगा। यह 13 नवंबर से 20 नवंबर तक लागू रहेगा।

**तीन बार लागू हो चुका है ऑड-ईवनः** इससे पहले 2019 में 4-15 नवंबर तक ऑड-ईवन लागू हुआ था। उससे पहले भी एक जनवरी से 15 जनवरी 2016 तक दिल्ली में इस फॉर्मूले का इस्तेमाल हुआ। इसके बाद 15 से 30 अप्रैल के बीच भी दिल्ली में ऑड-ईवन लगाया गया था।

**दिल्ली का एक्यूआईः** दिल्ली-एनसीआर में सोमवार सुबह प्रदूषण का स्तर सरकार द्वारा निर्धारित सुरक्षित सीमा से लगभग सात से आठ गुना अधिक दर्ज किया गया, क्योंकि इस क्षेत्र में लगातार सातवें दिन जहरीली धुंध बनी रही।

## 'दिल्ली में प्रदूषण के लिए भाजपा और आप जिम्मेदार'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** के एलएनजेपी अस्पकाल के मेडिकल डायरेक्टर सुरेश कुमार ने बाताय कि बीते कुछ दिनों से दिल्ली में प्रदूषण गंभीर बना हुआ है। एक्यूआई 500 तक पहुंच गया है। यह एक मेडिकल एमरजेंसी है। लोगों को सांस लेने में दिक्कत, गले में दर्द, खांसी और आंखों में जलन हो रही है। हर दिन कम से कम 25 से 30 मरीज आ रहे हैं। ऐसे में हमें मास्क पहनना चाहिए।

दिल्ली में दमघोंटू प्रदूषण को लेकर कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि यह पहली बार नहीं है, जब इस तरह की समस्या सामने आई है। हर साल वादे होते हैं। इससे पहले जब पंजाब में कांग्रेस की सरकार थी। तब आपने आरोप लगाए थे। लेकिन अब आप की सरकार है। आप बैठकें कर रहे हैं। केंद्र सरकार चुनाव प्रचार में व्यस्त है। दिल्ली में प्रदूषण के लिए भाजपा और आप जिम्मेदार हैं।

**दिल्ली एनसीआर का एक्यूआईः केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड** (सीपीसीबी) के मुताबिक दिल्ली में रविवार को 28 इलाकों में एक्यूआई गंभीर श्रेणी में दर्ज किया गया। वहीं, शनिवार के मुकाबले चार इलाकों में हवा गंभीर श्रेणी में की ओर बढ़ गई है। वहीं, दो इलाकों में हवा बेहद खराब रही। इसमें द्वारका सेक्टर-8 में 487, बवाना में 482, नजफगढ़ में 481, मुंडका में 480, पंजाबी बाग में 478, शादीपुर में 476 एक्यूआई दर्ज किया गया। साथ ही, वजीरपुर में 474, डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज में 478 समेत कई इलाकों में एक्यूआई गंभीर श्रेणी दर्ज किया गया। वहीं, दिलशाद गार्डन में 368 व आरके पुरम में 392 एक्यूआई बेहद खराब श्रेणी में दर्ज किया गया।

**बुधवार तक खतरनाक श्रेणी में पहुंच सकती है हवाः** भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) के मुताबिक रविवार को हवाएं उत्तर-पश्चिम से उत्तर-पूर्वी दिशा की ओर से चली। इस दौरान हवा की गति 4 से 6 किलोमीटर प्रतिघंटे से रही, जोकि बेहद कम गति है। सोमवार को हवाएं उत्तर-पश्चिम दिशा से चलने का अनुमान है। इस दौरान हवा की गति 4 से 6 किलोमीटर प्रतिघंटे से चलेंगी। ऐसे में हवा खतरनाक श्रेणी में पहुंचने का अनुमान है। वहीं, सुबह के समय धुंध के साथ कोहरा छाए रहने की आशंका है। वहीं, मंगलवार को हवाएं उत्तर-पश्चिम दिशा की ओर से चलेंगी। हवा की चाल 6 से 10 किलोमीटर प्रतिघंटे रहने का अनुमान है। सफर इंडिया के मुताबिक रविवार को दिल्ली में पीएम 2.5 की मात्रा लगभग 321 दर्ज की गई, जोकि गंभीर श्रेणी में है। वहीं, पीएम 10 की मात्रा करीब 488 दर्ज की गई, जोकि खतरनाक स्तर है।

**ग्रेटर नोएडा में सबसे प्रदूषित रही हवाः** सीपीसीबी के अनुसार एनसीआर में दिल्ली के बाद फरीदाबाद का सबसे अधिक वायु गुणवत्ता सूचकांक दर्ज किया गया। यहां एक्यूआई 450 रहा, जोकि गंभीर श्रेणी है। वहीं, ग्रेटर नोएडा में 410, नोएडा में 414, गाजियाबाद में 394 व गुरुग्राम में 402 एक्यूआई दर्ज किया गया।

### ग्रैप का चौथा चरण

- दिल्ली के बाहर से आने वाले सभी ट्रकों के प्रवेश पर पाबंदी रहेगी। हालांकि, जरूरी सामान लाने वाले व सीएनजी और इलेक्ट्रिक ट्रकों पर पाबंदी से छूट दी गई है
- दिल्ली में पंजीकृत मध्यम व भारी डीजल संचालित माल वाहनों पर प्रतिबंध। जरूरी सामान वाले वाहनों को छूट मिलेगी
- एनसीटी दिल्ली व एनसीआर में डीजल चलित चार पहिया वाहनों पर रोक रहेगी। हालांकि, आपातकालीन वाहनों को छूट दी गई है। इस श्रेणी में केवल बीएस-6 वाहन चल सकते हैं
- एनसीआर में उद्योगों पर पाबंदी। जहां पीएनजी ईंधन की सुविधा नहीं है और सरकार द्वारा अधिकृत सूची से बाहर के ईंधन का उपयोग किया जा रहा है तो रोक लगेगी। हालांकि, दूध व डेयरी उत्पादों और मेडिकल उपकरणों से जुड़े उद्योगों को छूट दी जाएगी
- निर्माण व विध्वंस गतिविधियों पर रोक। इसके अलावा फ्लाईओवर, राजमार्ग, पुल व पाइपलाइन समेत अन्य गतिविधियों पर रोक।
- केंद्र सरकार केंद्रीय कर्मचारियों को घरों से काम करने की छूट दे सकती है।
- एनसीआर राज्य सरकारें सार्वजनिक, निगम और निजी दफ्तरों में 50 फीसदी क्षमता के साथ घरों से काम करने की छूट दे सकती है

## दिल्ली में इस बार 31 फीसद प्रदूषण कम हुआ: प्रियंका कक्कड़



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**आम** आदमी पार्टी की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने वायु प्रदूषण के मुद्दे पर पार्टी मुख्यालय में सोमवार को प्रेसवार्ता कर कहा कि अरविंद केजरीवाल इकलौते नेता हैं, जो प्रदूषण के खिलाफ लगातार लघु और दीर्घकालिक कदम उठाते हैं और उसको लागू करवाते हैं। इसी वजह से इस साल दिल्ली में पिछले 8 सालों में सबसे बेहतर हवा थी। आंकड़े बताते हैं कि दिल्ली में इस बार 31 फीसद प्रदूषण कम हुआ है। केंद्र सरकार को भी संसद पटल पर रखे गए अपने आर्थिक सर्वे 2022-23 में स्वीकारना पड़ा है कि दिल्ली में इस बार पिछले 8 सालों में सबसे बेहतर हवा थी। उन्होंने कहा कि सीएक्यूएम के आंकड़े दिखाते हैं कि पंजाब में पिछले साल के मुकाबले इस साल 50-67 फीसदी पराली कम जली है। पंजाब में वर्तमान में जो पराली जल रही है, वो दिल्ली से करीब 500 किलोमीटर दूर है और हरियाणा में जल रही पराली 100 किलोमीटर दूर है। दिल्ली के सबसे करीब हरियाणा है। इसलिए इसकी समीक्षा करना जरूरी है कि 2014 से हरियाणा की मनोहरलाल सरकार ने प्रदूषण को लेकर हरियाणा में क्या कदम उठाए? प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि अब जाकर हरियाणा सरकार 100 इलेक्ट्रिक बसें खरीदने पर विचार कर रही है, अभी ली नहीं है। हरियाणा में अभी भी दिल्ली में प्रतिबंधित ईंधन वाली बसें चल रही हैं। वहां सभी बसें बीएस-3 और बीएस-4 की हैं। हरियाणा से बीएस-3 और बीएस-4 बसें दिल्ली में प्रवेश कर रही हैं। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय लगातार पत्र लिखकर हरियाणा सरकार को इन बसों का दिल्ली में प्रवेश रोकने की मांग कर रहे हैं। इसी तरह खट्टर सरकार ने हरियाणा में चल रही इंडस्ट्री को कोई सहूलियत नहीं दी है कि वो दिल्ली की तरह पीएनजी पर स्विच कर पाएं। हरियाणा की अधिकतर इंडस्ट्री एनसीआर में हैं और उनका भी प्रदूषण दिल्ली में आ रहा है। हरियाणा सरकार 2023 में भी अपने नागरिकों को 24 घंटे बिजली देने में असमर्थ रही है। हरियाणा में पावर कट बहुत लंबे होते हैं और लोगों को डीजल जेनरेटर का इस्तेमाल करना पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में इंडस्ट्री की क्या हालत होगी, समझा जा सकता है। उन्होंने कहा कि ग्रीन कवर के मामले में दिल्ली पूरे देश में पहले स्थान पर है। दिल्ली में 23.6 फीसद ग्रीन कवर है और 2025 तक इसे बढ़ाकर 27 फीसद तक करने का लक्ष्य है। केजरीवाल सरकार ने दिल्लीवालों के साथ मिलकर ग्रीन कवर को बढ़ाया है। इसके विपरीत हरियाणा में ढेरों पेड़ काटे गए हैं और वहां केवल 3.6 फीसद ही ग्रीन कवर है। प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि हरियाणा सरकार अपने किसानों और नागरिकों के लिए कुछ नहीं कर पाई। हरियाणा से हर साल आ रहे पराली के धुंए को दिल्ली के लोग क्यों झेलें। दिल्ली से सोनीपत, पानीपत, रोहतक बिल्कुल सटे हुए हैं। यहां बहुत जगहों पर पराली जलाई जा रही है। हरियाणा सरकार ने अभी तक लघु या दीर्घकालिक कोई भी उपाय नहीं किया है। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय हरियाणा के पर्यावरण मंत्री से लगातार मिलने का समय मांग रहे हैं लेकिन वो मीटिंग करने के लिए तैयार नहीं हैं।

# दिवाली से पहले केजरीवाल सरकार का तोहफा

## दीवाली पर अपने 80 हजार कर्मचारियों को सात- हजार रुपये बोनस देने का निर्णय लिया



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** सरकार ने दीवाली पर अपने 80 हजार कर्मचारियों को सात- हजार रुपये बोनस देने का निर्णय लिया है। सीएम अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को इसकी घोषणा करते हुए कहा कि आप सरकार सभी ग्रुप बी गैर राजपत्रित और ग्रुप सी के कर्मचारियों को यह बोनस देगी। केजरीवाल ने डिजिटल प्रेसवार्ता कर सभी कर्मचारियों को दीवाली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सरकार ने गत आठ साल में दिल्ली में शिक्षा-स्वास्थ्य, ढांचागत विकास और जनसेवाओं समेत अन्य क्षेत्रों में जितने शानदार काम किए हैं, उन सभी में इन कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इन्हीं की कड़ी मेहनत और काम की बदौलत हम दिल्ली को दिल्ली के लोगों के सपनों का शहर बनाने में सफल हुए हैं। केजरीवाल ने बताया कि इन सभी कर्मचारियों को बोनस देने में 56 करोड़ रुपये का खर्चा आएगा। इससे त्योहारों में हमारे कर्मचारियों के घरों में खुशियां दोगुनी हो जाएंगी। एक सरकार के रूप हमने अपने कर्मचारियों की जिंदगी बेहतर बनाने के लिए हमेशा प्रयास किया है और ये प्रयास जारी रहेगा।

**बोनस**

**आप सरकार सभी ग्रुप बी गैर राजपत्रित और ग्रुप सी के कर्मचारियों को यह बोनस देगी**

## बिरयानी खिलाने के बहाने सात वर्षीय बच्चे से अश्लीलता, काबू

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**सीलमपुर** थाना क्षेत्र में बिरयानी खिलाने के बहाने एक नाबालिग ने एक सात वर्षीय बच्चे के साथ अशलीलता की। बच्चा उसकी बातों से डरकर सीधे घर चला गया और सारी बात अपने पिता को बता दी।

**पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्जः** पिता ने पुलिस को मामले की सूचना दी। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत प्राथमिकी पंजीकृत कर 15 वर्षीय नाबालिग लड़के को पकड़ लिया है। आगे मामले की जांच चल रही है। पीड़ित पिता ने पुलिस को बताया कि वह एक फैक्ट्री में काम करता है।

# सीएम केजरीवाल ने आप विधायकों की बुलाई बैठक



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**मुख्यमंत्री** अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को आम आदमी पार्टी के विधायकों की बैठक बुलाई। दिल्ली विधानसभा में विधायकों की बैठक हुई। यह बैठक ऐसे समय में हो रही है, जब कुछ दिन पहले प्रवर्तन निदेशालय ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को समन जारी किया था। ईडी ने सीएम केजरीवाल को 02 नवंबर को पूछताछ के लिए बुलाया था। हालांकि, मुख्यमंत्री उस दिन पेश नहीं हुए थे। आम आदमी पार्टी ने समन पर कहा था कि अंग्रेजों के समय भी कार्रवाई से पहले वारंट देने का प्रावधान था। किसी भी पुलिस कार्रवाई पर चेक एंड बैलेंस का नियम लागू होता है।

गिरफ्तारी से पहले वारंट दिखाना अनिवार्य होता है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कानून में चेक एंड बैलेंस नहीं है।

# शराबी चालक ने कई लोगों को मारी टक्कर

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**चिराग** दिल्ली क्षेत्र के अर्चनी रेड लाइट के पास सोमवार सुबह एक युवक ने कार से कई लोगों को टक्कर मार दी। इस दौरान एक महिला की मौत हो गई। महिला की पहचान नीतू(45) निवासी संगम विहार के रूप में हुई है। आरोप है कि चालक शराब के नशे में आई- 10 कार चला रहा था। हादसे में घायल लोगों को आसपास के लोगों की मदद से नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे में घायल हुए बाकी चार लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। वहीं, राहगीरों ने घटना के बाद कार पर पथराव कर दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर चालक को हिरासत में ले लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। पूछताछ में पता चला कि आरोपी चालक मूलचंद की तरफ से आ रहा था और चिराग दिल्ली की ओर जा रहा था। वह बहुत तेज और लापरवाही से कार चला रहा था। जब वह अर्चना रेडलाइट पार कर रहा था तो सड़क पार कर रहे 3-4 लोग चलती कार की चपेट में आ गए। घायल व्यक्तियों को तुरंत पीसीआर वैन में एम्स ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया।

# अब भारत की स्कूली शिक्षा होगी और भी आधुनिक




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**उच्च** शिक्षा के साथ ही स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में भी आस्ट्रेलिया ने भारत को सहयोग देने की पेशकश की है। शुरूआत में वह प्री-प्राइमरी यानी बाल वाटिका में पढ़ाने वाले शिक्षकों को प्रशिक्षण देगा। दोनों देश जल्द ही इसे लेकर साझा अभियान चलाएंगे। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति आने के बाद स्कूली शिक्षा के साथ प्री-प्राइमरी भी जोड़ा गया है। जिसमें तीन साल की उम्र से ही बच्चों को शिक्षा दी जाती है। जो पूरी तरह खेल आधारित है। आस्ट्रेलिया ने भारत को यह प्रस्ताव दोनों देशों के बीच शिक्षा और स्किल के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए गठित परिषद की छह और सात नवंबर को गांधीनगर में होने वाली पहली बैठक से पहले दिया है। दो दिनों तक चलने वाली इस बैठक में उच्च शिक्षा, स्किल, शोध और नवाचार के क्षेत्र में आपसी सहयोग बढ़ाने पर भी चर्चा होगी। बैठक में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के साथ आस्ट्रेलिया के शिक्षा मंत्री जैक्सन क्लेयर एमपी और स्किल मंत्री बेंडन ओ-कोनाल मौजूद रहेंगे। साथ ही वह गिफ्ट सिटी में खुलने वाले आस्ट्रेलियाई विश्वविद्यालयों की प्रगति को भी देखेंगे। दोनों देशों के बीच इस दौरान साझे कोर्स शुरू करने और शोध के क्षेत्र में सहयोग पर भी चर्चा होगी। इस दौरान शोध के क्षेत्र में साझा सहयोग को लेकर दोनों देशों के बीच करार भी हो सकता है।

बता दें, दोनों देशों के बीच शिक्षा, स्किल और शोध के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने को लेकर काफी समय से काम चल रहा है।

**उच्च शिक्षा**

**शुरूआत में वह प्री-प्राइमरी यानी बाल वाटिका में पढ़ाने वाले शिक्षकों को प्रशिक्षण देगा**

# पार्क में शादी-कार्यक्रम को लेकर हुआ बवाल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दक्षिण-पश्चिम** जिला स्थित बिजवासन और भर्तल में हरित क्षेत्र व पार्क का इस्तेमाल शादी के कार्यक्रम के लिए करने से जुड़े मामले पर संयुक्त समिति द्वारा दाखिल की गई रिपोर्ट पर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने सवाल उठाया है। एनजीटी ने कहा कि मामले में संयुक्त समिति ने एनजीटी द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत मौके का निरीक्षण नहीं किया। मौके का निरीक्षण तब किया गया, जब वहां कोई कार्यक्रम नहीं हो रहा था। एनजीटी ने कहा कि पर्यावरण नियमों का उल्लंघन करने का पता तब चलेगा जब कार्यक्रम के दौरान समिति निरीक्षण करे।

एनजीटी ने कहा कि रिपोर्ट में कार्यक्रम से होने वाले प्रदूषण के संबंध में कोई जानकारी नहीं है।

**सवाल**

**संयुक्त समिति द्वारा दाखिल की गई रिपोर्ट पर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने सवाल उठाया**

**खुलासा**

## फिर उन्हीं कागजात की मदद से वह भारतीय पासपोर्ट बनवाने में कामयाब हो गया

# आईजीआई एयरपोर्ट पर बांग्लादेशी युवक को दबोचा



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**भारत** बांग्लादेश बॉर्डर से अवैध रूप से भारत में प्रवेश कर बांग्लादेशी युवक ने पहले फर्जीवाड़ा कर राशन कार्ड व पहचान पत्र बनवाया। फिर उन्हीं कागजात की मदद से वह भारतीय पासपोर्ट बनवाने में कामयाब हो गया।

**आईजीआई एयरपोर्ट पर युवक गिरफ्तारः** भारतीय पासपोर्ट की मदद से वह कुवैत पहुंच गया व वहां का रेजिडेंट परमिट कार्ड बनवा लिया। वहां से वह कई बार भारत व बांग्लादेश आया, पर एक नवंबर को इमीग्रेशन कर्मचारियों ने उसे इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) एयरपोर्ट पर धर दबोचा। उसकी पहचान पश्चिम बंगाल के बीरभूम के दूनीग्राम गांव के गौसुल आजम के रूप में हुई। आईजीआई एयरपोर्ट थाना पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि एक नवंबर को गौसुल आजम नामक युवक कुवैत से ए1-902 नंबर उड़ान में आईजीआई एयरपोर्ट पहुंचा। पासपोर्ट चेक करने पर इमीग्रेशन कर्मचारी ने उससे बात की तो उन्हें उसकी बोली व पासपोर्ट की डिटेल को लेकर शक हुआ। उन्होंने उससे लगातार पूछताछ की तो उसने बताया कि वह मूल रूप से बांग्लादेश के सतखीरा जिले के काशेमपुर गांव का रहने वाला है।

**2012 में अवैध रूप से घुसा था युवकः** वह नॉर्थ पारगाना जिले भारत-बांग्लादेश बॉर्डर के जरिये अक्टूबर 2012 में अवैध तरीके से भारत में घुसा था।भारत में घुसकर वह पश्चिम बंगाल में पिता के साथ रहने लगा। वह पिता के साथ मिलकर नकली आभूषणों का काम करने लगा। वर्ष 2014 में उसने फजीर्वाड़ा करके अपना पश्चिम बंगाल का फर्जी राशन कार्ड बनवाया। अप्रैल 2014 में आरोपित ने फर्जीवाड़े से ही नकली पहचान पत्र बनवाया। मई 2015 में वह फर्जीवाड़ा करके बनाए गए कागजात की मदद से कोलकाता से पासपोर्ट भी बनवाने में कामयाब हो गया।

**गिरफ्तार**

**अवैध रूप से भारत में प्रवेश कर बांग्लादेशी युवक ने पहले फर्जीवाड़ा कर राशन कार्ड व पहचान पत्र बनवाया**

# प्रबीर और अमित की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर दीपावली के बाद होगी सुनवाई



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**सुप्रीम कोर्ट** ने न्यूजक्लिक के संस्थापक प्रबीर पुरकायस्थ और एचआर हेड अमित चक्रवर्ती की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई टाल दी है। जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच ने इस मामले पर दीपावली की छुट्टी के बाद सुनवाई करने का आदेश दिया। कोर्ट ने 19 अक्टूबर को दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया था। दिल्ली हाई कोर्ट ने 13 अक्टूबर को प्रबीर पुरकायस्थ और अमित चक्रवर्ती की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी थी। हाई कोर्ट ने कहा था कि याचिका निराधार है। प्रबीर पुरकायस्थ और अमित चक्रवर्ती को दिल्ली पुलिस ने 3 अक्टूबर को गिरफ्तार किया था। दोनों को न्यूयॉर्क टाइम्स में छपी खबर के आधार पर गिरफ्तार किया गया था। न्यूयॉर्क टाइम्स में खबर छपी थी कि न्यूज क्लिक को चीनी प्रोपेगेंडा को बढ़ाने के लिए पैसे मिले हैं। खबर के मुताबिक अमेरिकी मिलियनेर नेविली रॉय सिंघम ने न्यूज क्लिक को चीनी प्रोपेगेंडा को बढ़ावा देने के लिए धन दिए।

**जिरह**

**अध्यक्षता वाली बेंच ने इस मामले पर दीपावली की छुट्टी के बाद सुनवाई करने का आदेश दिया**

# खिलाड़ियों को छोटी-छोटी प्रतियोगिताओं में लेना होगा भागः कंवर

## प्रदेश में खिलाड़ी बड़े जोश और उत्साह के साथ खेल प्रांगणों में अपनी प्रतीभा का जोहर दिखा रहे है: स्कूल शिक्षा एवं वन मंत्री कंवर पाल

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

**हरियाणा** के स्कूल शिक्षा एवं वन मंत्री कंवर पाल ने कहा कि ओलम्पिक का सफर तय करने के लिए खिलाड़ियों को ब्लॉक, जिला व राज्य स्तर की प्रतियोगिताओं में बढ़चढकर भाग लेने की जरुरत है। इस प्रदेश में खिलाड़ी बड़े जोश और उत्साह के साथ खेल प्रांगणों में अपनी प्रतीभा का जोहर दिखा रहे है। इस धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर स्कूल शिक्षा विभाग की 11 वर्ष से कम आयुवर्ग की राज्यस्तरीय खेल प्रतियोगिता में 5 हजार खिलाड़ियों ने भाग लेकर एक छोटे ओलम्पिक का स्वरुप दिखाया है। इस छोटे ओलम्पिक से ही खिलाड़ी ओलम्पिक तक पहुंच कर प्रदेश के लिए मेडल जीतने का काम करेंगे। स्कूल शिक्षा एवं वन मंत्री कंवर पाल सोमवार को द्रोणाचार्य स्टेडियम में हरियाणा स्कूल शिक्षा विभाग की तरफ से आयोजित राज्य स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता के उदघाटन सत्र में बोल रहे थे। इससे पहले स्कूल शिक्षा मंत्री कंवर पाल व विधायक सुभाष सुधा ने विधिवत रूप से 11 वर्ष से कम आयु वर्ग की 6 नवंबर से 8 नवंबर तक चलने वाली राज्यस्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता 2023 का शुभारंभ किया। इस उदघाटन सत्र में 22 जिलों के 5 हजार खिलाड़ियों ने शानदार मार्च पास्ट का प्रदर्शन किया और स्कूल शिक्षा मंत्री कंवर पाल ने सलामी ली। इस दौरान स्कूल शिक्षा मंत्री ने आकाश में रंग-बिरंगे गुब्बारे छोड़े और राज्यस्तरीय खेल प्रतियोगिता का आगाज करने की घोषणा भी की और सभी खिलाड़ियों को खेल भावना और निष्पक्षता के साथ खेलने की शपथ भी दिलवाई। इस कार्यक्रम में शिक्षा विभाग की तरफ से विद्यार्थियों ने बेहतरीन रंगा-रंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर सबका

**प्रतियोगिता**

> 8 धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में शिक्षा विभाग की यह राज्यस्तरीय खेल प्रतियोगिता शुरू हो रही है और बच्चों का उत्साह देखने वाला है

मन मोह लिया। स्कूल शिक्षा मंत्री ने स्वयं रस्सा-कस्सी प्रतियोगिता का शुभारंभ भी करवाया।
उन्होंने प्रदेश भर से आए खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खिलाड़ियों के ओलम्पिक का सफर इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से ही शुरू होता है और इस पावन धरा की राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में छोटे ओलम्पिक का नजारा देखने को मिल



रहा है। इस प्रतियोगिता में 22 जिलों के 5 हजार खिलाड़ियों ने भाग लेकर छोटे ओलम्पिक के मायने भी साबित कर दिए है। आज हरियाणा प्रदेश के खिलाड़ी ओलंपिक, एशियाड जैसी प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करके दुनिया भर में प्रदेश का नाम रोशन कर रहे है। सभी युवाओं को खेलों की तरफ अग्रसर होना चाहिए। जो युवा खेलों में भाग लेगा, उसका स्वास्थ्य ठीक रहेगा ही तथा वह प्रदेश का खेलों में नाम भी रोशन करेगा। उन्होंने कहा कि खेलों में शिरकत करने से युवा वर्ग खुश भी रहेगा और इससे हेप्पीनेस इंडेक्स का ग्राफ भी बढ़ेगा। शिक्षा विभाग की तरफ से खेलों के अलावा विद्यार्थियों के व्यक्तित्व में निखार लाने और ज्ञानवर्धन करने के उद्देश्य से देश में सबसे ज्यादा शैक्षणिक भ्रमण करवाने का काम किया है।
विधायक सुभाष सुधा ने धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में शिक्षा विभाग की यह राज्यस्तरीय खेल प्रतियोगिता शुरू हो रही है और बच्चों का उत्साह देखने वाला है। अभी मार्च पास्ट में प्राथमिक कक्षाओं के यह विद्यार्थी देश के भावी खिलाड़ी नजर आ रहे थे। आज खेलों के क्षेत्र में भारत दुनिया में नई पहचान बना रहा है। अंतरराष्ट्रीय खेलों में कभी मेडल के लिए तरसते वाला देश आज मेडलों का शतक लगा रहा है। हाल ही में चीन में सम्पन्न एशियाई व पैरा एशियाई खेलों में देश के खिलाड़ियों ने 100 से अधिक पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के युवाओं को खेलों के क्षेत्र में प्रोत्साहन देने के लिए फिट इंडिया, खेलो इंडिया जैसे कार्यक्रम शुरू किए जिनके सुखद परिणाम सबके सामने हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा लागू की गई हरियाणा की खेल नीति सारे देश में सर्वश्रेष्ठ मानी जाती है और दूसरे राज्य भी इसका अनुसरण कर रहे हैं। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक ने मेहमानों का स्वागत करते हुए 6 से 8 नवंबर तक चलने वाली राज्यस्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता की विस्तृत जानकारी दी और कहा कि उपायुक्त शांतनु शर्मा के मार्गदर्शन में शिक्षा विभाग की तरफ से खिलाड़ियों के लिए तमाम पुख्ता प्रबंध किए गए है, किसी भी खिलाड़ी को कोई भी परेशानी नहीं आने दी जाएगी। इस मौके पर एसडीएम सुरेंद्र पाल मलिक, जिला शिक्षा अधिकारी सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारीगण मौजूद थे।

# भारतीय मजदूर संघ की जिला कार्यकारिणी की हुई बैठक



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

हरियाणा पब्लिक हेल्थ कर्मचारी संघ रजिस्टर्ड नंबर 2106 संबंधित भारतीय मजदूर संघ की जिला कार्यकारिणी सोनीपत की यूनियन कार्यालय पर मीटिंग हुई जिसकी अध्यक्षता चेयरमैन रमेश धनखड़ द्वारा की गई।

मीटिंग का मुख्य उद्देश्य जिला प्रधान सोनीपत से दिलबाग सिंह का संगठन विरोधी काम करने पर संगठन में भारी रोष था जिस पर जिला सोनीपत की कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी एवं संगठन के कर्मचारियों ने एक स्वर में जिला प्रधान दिलबाग को प्रधान पद एवं संगठन की सदस्यता खत्म करने की मांग की जिस पर विशेष रूप से उपस्थित राज्य के प्रधान चांदराम चहल, राज्य महासचिव विनोद शर्मा, प्रांतीय संगठन मंत्री दलबीर सिंह एवं राज्य सलाहकार रमेश द्वारा जिला सोनीपत की मांग को स्वीकार करते हुए दिलबाग सिंह को प्रधान पद से निष्कासित कर दिया गया और जिला सोनीपत के कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी एवं संगठन के सदस्यों द्वारा सर्व सहमति से प्रधान पद के

**रोष**

> 8 जिला प्रधान सोनीपत से दिलबाग सिंह का संगठन विरोधी काम करने पर संगठन में भारी रोष था

लिए बीर सिंह एवं वरिष्ठ उप प्रधान के लिए जसबीर मलिक का नाम दिया जिसको राज्य के पदाधिकारी ने स्वीकार करते हुए अपनी सहमति प्रदान की।

वीर सिंह को जिला प्रधान एवं श्री जसवीर मलिक को वरिष्ठ प्रधान बनने पर जिला के पदाधिकारीयो ने एवं संगठन के सदस्यों ने खुशी जताई इस मौके पर नीरज जिला सचिव, उप प्रधान सतीश, उपप्रधान दिनेश, वाइस चेयरमैन जय भगवान अंतिल, कैशियर राजेश, ऋषि, बलवान खत्री, पवन, जगदीश, विजेंद्र सीताराम, मनीष, रामनिवास, लाल सिंह, आनंद, रणधीर, रणबीर दहिया, सुरेंद्र मोर, देवेंद्र सिंह, अमर बहादुर और संगठन के अन्य सभी सदस्यों मौजूद रहे।

# सोलर टयूबवेल के आवेदन के लिए आज आखिरी दिन

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**अतिरिक्त** उपायुक्त वीना हुड्डा ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में सौर ऊर्जा का उपयोग कर कृषि गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए केंद्र और राज्य सरकार की ओर से किसानों को सौर ऊर्जा पंप पर 75 प्रतिशत सब्सिडी प्रदान की जा रही है। हरियाणा सरकार ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में एक अहम पहल की है, जो राज्य के किसानों के लिए काफी लाभकारी साबित हो रही है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार की और से किसानों को प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा उत्थान महाभियान यानी पीएम- कुसुम योजना के तहत सौर ऊर्जा से चालित सोलर ट्यूबवेल अनुदान पर उपलब्ध करवाए जा रहे हैं।

# 'युवाओं को खेलों के लिए बढ़ावा देना व नशे से दूर रखना है मेरा मुख्य उद्देश्य'

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र/लाडवा(दलबीर मलिक)** लाडवा के इंदिरा गांधी नेशनल कालेज के भीम स्टेडियम में लाडवा हल्के के नेता एवं समाजसेवी संदीप गर्ग द्वारा युवाओं को खेलों के लिए बढ़ावा देने के लिए लाडवा का बुमराह के नाम से एक तेज गेंद फैकने की प्रतियोगिता करवाई गई। जिसमें लाडवा हल्का के साथ-साथ कुरूक्षेत्र जिले के लगभग 650 खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया व अपना प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों में तेज गेंद फैकने का एक अलग ही जोश नजर आया। सभी खिलाड़ियों ने पूरे दम खम से गेंद को फैंका। वहीं प्रतियोगिता में वॉलीबाल के पूर्व भारतीय कप्तान सूबे सिंह ने शिरकत कर खिलाड़ियों को संबोधित किया। नेता एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि



उनका मुख्य उद्देश्य युवाओं को खेलों के लिए बढ़ावा देना व नशे आदि से दूर रखना है। उन्होंने कहा कि हरियाणा गोल्ड मैडल लाने में नम्बर एक पर है। परंतु खिलाड़ियों के पास साधनों की कमी के चलते वह आगे नहीं बढ़ पाते। उन्होंने कहा कि उनकी इच्छा है कि भारतीय इंडियन क्रिकेट टीम में लाडवा हल्के का कोई तेज बॉलर का चयन हो। जिससे कि लाडवा हल्के का नाम हो और लाडवा हल्के की पहचान बन सकें। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से न केवल युवा नशे से दूर रहेंगे। बल्कि उनके खेलों के प्रति रुचि भी बढ़ेगी। वहीं वॉलीबाल के पूर्व भारतीय कप्तान सूबे सिंह ने कहा कि आज का युवा नशे की ओर ज्यादा जा रहा है, जो गलत है। नशे नहीं बल्कि खेलों की ओर जाना चाहिए ताकि अपने जीवन में कामयाब हो सकें और शरीर भी

**प्रमाणपत्र**

> 8 इस प्रतियोगिता में लगभग 650 खिलाड़ियों ने भाग लिया और सभी को प्रमाण पत्र भी वितरीत किये गए

स्वस्थ रहे। वहीं इस प्रतियोगिता में लगभग 650 खिलाड़ियों ने भाग लिया और सभी को प्रमाण पत्र भी वितरीत किये गए। वहीं प्रतियोगिता में पूजन ने 117 की स्पीड से गेंद फैंककर पहला स्थान प्राप्त किया, विशाल ने 116 की स्पीड की स्पीड से गेंद फैंककर दूसरा स्थान, सुरेन्द्र ने 115 की स्पीड से गेंद फैंककर तीसरा स्थान व राहुल ने 113 की स्पीड से गेंद फैंककर चौथा स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता खिलाडि?ों को ट्राफी, क्रिकेट कीट, ट्रैक सूट व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इतना ही नहीं पूर्व भारतीय कप्तान सूबे सिंह व प्रतियोगिता में कोच व अपनी अहम भूमिका निभाने वाले सभी लोगों को संदीप गर्ग द्वारा सम्मानित किया गया। मौके पर अंकित बन, विक्रम, घनश्याम काम्बोज, सुरेन्द्र, हेंमत सैनी, रवि बेदी, मलखान, अशोक वर्मा, अरविंद सिंघल, राजेश वर्मा, नरेश बंसल, नवनीत, अनुज बहलोलपुर, सरपंच कुलविन्द्र, सरपंच सतीश, रामकुमार शास्त्री, सुनील तोमर, सुनील गर्ग, सुरेन्द्र गुप्ता, कोच अनिल संघौर, रमेश चालिया, इमना कटारिया, गुरचरण, गोपी चंद, सौरव सैनी, रमणीक कश्यप, सुमित, शुभम कुमार, संदीप गोयल, देवेन्द्र, मनोज धवन, प्रदीप, वैभव आदि मौजूद थे।

# 230 बच्चों को राज्य स्तरीय खेलों के लिए रवाना किया

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी अम्बाला सुधीर कालड़ा ने अपने कार्यालय से सरकारी और प्राइवेट स्कूलों के 230 बच्चों को कल से कुरुक्षेत्र में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय अंडर-11खेल कूद प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए रवाना किया। उन्होंने खिलाड़ी बच्चों और उनके साथ जा रहे अध्यापकों को विजयी होने की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिस प्रकार उन्होंने कड़ी मेहनत के बल पर जिला में जीत दर्ज की है उसी प्रकार राज्य



स्तरीय प्रतियोगिता में भी बिना किसी अनुचित साधन के प्रयोग से कड़ी मेहनत और ईमानदारी से जीत हासिल करनी है। सुधीर कालड़ा ने बच्चों को रवाना करने से पहले स्पोर्ट्स किट भी प्रदान की। स्पोर्ट्स किट मिलने पर बच्चों, अभिभावकों और अध्यापकों में गजब का उत्साह दिखा। इस अवसर पर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी के साथ सतबीर सैनी, खण्ड शिक्षा अधिकारी अंबाला-1, राजेन्द्र सिंह मौलिक मुख्याध्यापक नोडल अधिकारी राज्य क्रीड़ा प्रतियोगिता ,सहायक मौलिक

**स्पोर्ट्स किट**

> 8 राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी बिना किसी अनुचित साधन के प्रयोग से ईमानदारी से जीत हासिल करनी है

शिक्षा अधिकारी (खेल) साहिल सचदेवा, डीपीई भीम सिंह, नितिन सभरवाल, अनिल भाटिया, प्रवेश भाटिया, रमनदीप, कुशवकांत, जसपाल सिंह और राजिंदर कौर आदि उपस्थित रहे।

# इंग्लैंड में उन्नति संगठन ने दिवाली का आयोजन किया



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत कमाल हुसैन**

इंग्लैंड के शहर लंदन में उन्नति संगठन ने दिवाली का बड़ा आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरूआत काउंसलर रोहित अहलावत ने दीप प्रज्वलित करके की। प्रसिद्ध भारतीय कलाकार व संगीतकार बाली बरहमभट्ट इस आयोजन में सम्मिलित हुए और अपनी कला व संगीत से सबका मन मोह लिया। उन्नति के संस्थापक व कार्यक्रम के आयोजक संजय देशवाल एवं दीपक शुक्ला ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य कश्मीर से कन्याकुमारी तक इंग्लैंड में बसे सभी भारतीयों को एक छत के नीचे मिलाना और भारतीय संस्कृति को बढ़ाना था। अंतरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष डॉ.नवीन नैन भालसी ने बताया कि इस आयोजन में यूके में बसे भारतीय मूल के परिवार और इंग्लैंड के विदेशी परिवार भारी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन

**दिवाली मिलन**

> 8 कार्यक्रम का उद्देश्य कश्मीर से कन्याकुमारी तक इंग्लैंड में बसे सभी भारतीयों को एक छत के नीचे मिलाना है

मैक्सिम फाइनेंशियल के संस्थापक व लाइका रेडियो के मशहूर प्रस्तुतकर्ता समीर सूरी ने किया। इस मौके पर ईएचएस के संस्थापक काउंसलर रोहित अहलावत, विन्नी देसवाल, प्रियंका शुक्ला, विकास पूरी, विशाल मेहता, गिरीश पांडेय, सरिता पांडेय, दिनेश मलिक, आदित्य पंवार, प्रवीण अहलावत, विक्रम रावत, तेजपाल सिंह, जगपाल सिंह, मनोज शर्मा, मिलोनी अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# पदोन्नत हुए चार पुलिसकर्मी बने एएसआई

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**पानीपत पुलिस** अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने पदोन्नति पाने वाले मुख्य सिपाही जगपाल, मुख्य सिपाही अशोक, मुख्य सिपाही विनोद व मुख्य सिपाही अशोक के कंधों पर स्टार लगा सभी को एएसआई पदोन्नत करते हुए बधाई दी। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने इस अवसर पर नव पदोन्नत सभी एएसआई का हौंसला बढ़ाते हुए कहा कि सभी पुलिसकर्मियों ने विभाग में अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाया है। पदोन्नत होने पर अब विभाग के प्रति उनकी जिम्मेदारी और अधिक बढ़ गई हैं और उन्हें पूरा भरोसा है कि वे अपनी जिम्मेदारीयों को उचित प्रकार से निभाएगें और हर प्रकार की कसौटी पर खरा उतरेगें। इस अवसर पर एसपी रिडर एएसआई सुभाष व कार्यालय की विभिन्न शाखा के इंचार्ज भी मौजूद रहें।

# सात दिवसीय साक्षात्कार प्रशिक्षण एवं रोजगार कार्यशाला संपन्न

**ट्रेनिंग**

> 8 मुख्य अतिथि मैजिकबस इंडिया फाउंडेशन से प्रशिक्षक अल्का रानी रही। उनके साथ प्रोग्राम मैनेजर संजय कुमार ने विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत/कमाल हुसैन**

एसडी पीजी कॉलेज में मैजिकबस इंडिया फाउंडेशन एवं कॉलेज प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित सात दिवसीय साक्षात्कार प्रशिक्षण एवं रोजगार कार्यशाला का आज समापन हो गया। जिसमें सभी संकायों की लगभग 70 छात्राओं ने भाग लिया । कार्यशाला की



मुख्य अतिथि मैजिकबस इंडिया फाउंडेशन से प्रशिक्षक अल्का रानी रही। उनके साथ प्रोग्राम मैनेजर संजय कुमार ने विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया। मेहमानों का स्वागत प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा और कॉलेज प्लेसमेंट सेल के सदस्यों डॉ.राहुल जैन, डॉ.दीपा वर्मा, प्रो.हर्षिता गोयल और प्रो.डेनसन डी पॉल ने किया। कार्यशाला के आयोजन से छात्राओं को अत्यधिक लाभ हुआ और उन्होनें विभिन्न संस्थानों में प्रवेश या नौकरी पाने हेतु विशेष गुणों का विकास स्वयं में किया और अपने आत्मविश्वास में वृद्धि की । विभिन्न परस्पर संवादात्मक खेलों के आयोजन ने कार्यशाला को मनोरंजक और शिक्षाप्रद बनाया। अल्का रानी ने कहा कि मैजिकबस इंडिया फाउंडेशन ने यूएनडीपी संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम के सहयोग से सीमांत युवाओं के लिए कार्य कार्यक्रम से जुड़ें शुरू किया है।

# कृषि वैज्ञानिक बनकर दें देश के विकास में योगदान : डा.जेके नांदल

**सोनीपत, 06 नवंबर ।** कृषि विज्ञान केंद्र,जगदीशपुर के रिटायर्ड मुख्य वैज्ञानिक डा.जेके नांदल ने कहा कि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था का केंद्रबिंदु है । कृषि क्षेत्र में हुए तकनीकी प्रयोग से सकारात्मक परिवर्तन हुए हैं। अब सरकार से लेकर प्राइवेट सेक्टर तक इस क्षेत्र में जमकर निवेश कर रहे हैं, जिससे कृषि क्षेत्र में युवाओं के लिए लगातार कैरियर के नए विकल्प उभर कर सामने आ रहे हैं । खास तौर पर कृषि अनुसंधान के क्षेत्र में रूचि रखने वाले विद्यार्थी कृषि वैज्ञानिक बनकर भी देश के विकास में अहम योगदान दे सकते हैं। कृषि वैज्ञानिक डा.जेके नांदल ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) में आयोजित कैरियर वर्कशॉप में विद्यार्थियों को कृषि क्षेत्र में रोजगार के नए अवसरों के बारे में महत्वपूर्ण



जानकारी दे रहे थे। इससे पहले उन्होंने बतौर मुख्य वक्ता स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन व प्राचार्या गीता चोपड़ा के साथ दीप प्रज्वलित कर कैरियर वर्कशॉप का शुभारंभ किया।

डा.जेके नांदल ने कहा मेडिकल व इंजीनियरिंग की तरह ही कृषि क्षेत्र में भी कैरियर के बेहतर अवसर उपलब्ध हैं । कृषि अनुसंधान के क्षेत्र से जुड़कर कृषि वैज्ञानिक बनने की इच्छा रखने वाले विद्यार्थियों को 12वीं की परीक्षा अच्छे अंकों से पास कर बीएससी एग्रीकल्चर या फिर बीएससी एग्रीकल्चर ऑनर्स की डिग्री हासिल करनी चाहिए। यह डिग्री

**परिवर्तन**

> 8 कृषि क्षेत्र में युवा मार्केटिंग या एग्री बिजनेस मैनेजमेंट के क्षेत्र में भी सुनहरा कैरियर बना सकते हैं

एग्रीकल्चर, वेटरनरी साइंस, एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग, फॉरेस्ट्री, हॉर्टिकल्चर, फूड साइंस, फिशरीज साइंस आदि में से किसी भी विषय में हो सकते हैं। इन क्षेत्रों में रिसर्च करके युवा कृषि वैज्ञानिक सकते हैं। कृषि क्षेत्र में युवा मार्केटिंग या एग्री बिजनेस मैनेजमेंट के क्षेत्र में भी सुनहरा कैरियर बना सकते हैं। एग्रीकल्चर की डिग्री प्राप्त कर विद्यार्थी नेशनलाइज्ड बैंकों में बतौर कृषि विस्तार अधिकारी, ग्रामीण विकास अधिकारी, फील्ड ऑफिसर बनकर भी अपना करियर बना सकते हैं। इसके साथ ही राज्यों के विभिन्न कृषि विभागों में भी रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। डा.जेके नांदल ने बताया कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद हर वर्ष राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी की मदद से अखिल भारतीय कृषि प्रवेश परीक्षा आयोजित करती है, जिसके आधार पर देश के 75 कृषि विश्वविद्यालयों में 15,000 से अधिक स्नातक और 11,000 स्नातकोत्तर सीटों पर दाखिला लिया जाता है। उन्होंने कहा देश में राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान करनाल, भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान नई दिल्ली, भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान इज्जतनगर जैसे संस्थानों के योगदान से हम सभी लोग परिचित हैं।

# सड़क सुरक्षा को लेकर 9 नवम्बर को होगी जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिताः प्रदीप

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

पुलिस महानिरीक्षक यातायात एवं हाईवे हरियाणा करनाल के दिशा-निदेशों के अनुसार जिला में यातायात को लेकर जिला स्तरीय सड्क सुरक्षा क्विज प्रतियोगिता 9 नवम्बर 2023 को करवाई जाएगी। दिनांक 9 नवम्बर को करीब जिला के 6 खण्डों के 54 विद्धार्थी इस प्रतोयोगिता में भाग लेंगे। पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र श्री सुरेन्द्र सिंह भोरिया के मार्ग-दर्शन में होने वाली इस परीक्षा को लेकर जिला पुलिस द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जानकारी देते हुए नोडल ऑफिसर डीएसपी प्रदीप कुमार ने बताया कि 9



नवम्बर को होने वाली जिला स्तरीय प्रश्नोतरी प्रतियोगिता को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि दिनांक 9 नवम्बर को जिला कुरुक्षेत्र के 6 खण्डों के बच्चो की यह प्रश्नोतरी प्रतियोगिता 11 बजे पुलिस लाइन के सभागार में करवाई जाएगी । डीएसपी ने कहा कि इस परीक्षा में हर वर्ग में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वाले विद्धार्थियों को मंडल स्तरीय परीक्षा में बैठने का मौका मिलेगा। जिला स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वाले छात्रों को मण्डल स्तर प्रतियोगिता में भेजा जाएगा। जिला स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वाले छात्रों को राज्य स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका मिलेगा। सभी वर्ग की प्रतियोगिताओ में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीया आने वाले विद्धार्थियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

## न्यूज फ्लैश

### 'हरियाणा मातृशक्ति उद्यमिता योजना' में महिलाओं को दी जा रही है वित्तीय सहायता

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**हरियाणा** सरकार ने महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए हरियाणा महिला विकास निगम के माध्यम से वर्ष 2021-22 से 'हरियाणा मातृशक्ति उद्यमिता योजनाइ शुरू की हुई है। निगम द्वारा महिलाओं को सब्सिडी के रूप में वित्तीय सहायता दी जा रही है, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें।

इस योजना के अंतर्गत ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों से हरियाणा की स्थायी निवासी महिलाओं/लड़कियों को बैंकों के माध्यम से 3 लाख रुपये तक का ऋण दिलवाया जाता है, जिनकी वार्षिक आय 5 लाख रुपये से अधिक न हो तथा आयु 18 से 60 वर्ष के बीच हो। इस योजना के अंतर्गत प्रार्थी द्वारा समय पर किस्तों का भुगतान करने पर 3 वर्षों तक 7 प्रतिशत ब्याज अनुदान राशि निगम द्वारा दी जाती है।

### मुख्य आयुक्त सेवा के अधिकार के लाभार्थियों से करेंगे बातचीत

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**नगराधीश अमन** कुमार ने कहा कि 7 नवंबर को दोपहर 2 बजे लघु सचिवालय के सभागार में हरियाणा सेवा के अधिकार आयोग के मुख्य आयुक्त टीसी गुप्ता सेवा का अधिकार अधिनियम के लाभार्थियों के साथ बातचीत करेंगे और सेवा की डिलीवरी हेतू समीक्षा भी करेंगे। इस कार्यक्रम के लिए अधिकारियों की ड्यूटियां लगा दी गई है।

### गांव के ही परिवार पर किडनैपिंग का आरोप

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**घरौंडा थाना** के अंतर्गत आने वाले गांव महिला अपने बच्चे के साथ संदिग्ध हालात में लापता हो गई। महिला के पति ने गांव के कुछ युवकों पर उसकी पत्नी का अपहरण करने और घर से सोने चांदी के आभूषण व कैश चोरी करने के आरोप लगाए हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है।

व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पास साढ़े तीन साल का बच्चा है। उसकी पत्नी घर ही रहती थी। करीब एक माह पहले उसकी पत्नी सीढि?ं से नीचे गिर गई थी और उसकी रीढ़ की हड्डी में चोटें आई थी। साथ ही बाई टांग को भी नुकसान पहुंचा था।

उसकी पत्नी का रविवार शाम को अपहरण हो गया। अपहरण करने वालों में गांव का ही एक परिवार शामिल है। जब आरोपी के घर वह पहुंचा और पूछताछ की तो आरोपियों ने दो टूक जवाब दिया कि मेरा बेटा ही तेरी पत्नी को भगाकर ले गया है और तुमसे जो होता हो वह कर लेना। युवक के परिवार ने साजिश के तहत उसकी पत्नी का अपहरण किया है। व्यक्ति ने आरोप लगाया है कि उसके घर से 25 हजार रुपए, सोने की बालियां व सोने का ओम चोरी हुआ है। उसी परिवार ने यह सामान चोरी किया है।

### सड़क हादसे में इकलौते बेटे की मौत

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**कैथल रोड** पर हुए दर्दनाक सडक हादसे में परिवार के इकलौते बेटे की जान चली गई। युवक दिल्ली से सुबह ही करनाल आया था और रेलवे स्टेशन से कार लेकर घर जा रहा था। रास्ते में ही हादसा हो गया। युवक कुछ ही दिनों में कनाडा जाने वाला था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी। अलीपुर गांव के वीरेंद्र पाल ने बताया कि उसका चचेरा भाई 19 वर्षीय हरनूर रविवार को करनाल रेलवे स्टेशन पर अपनी गाड़ी खड़ी करके ट्रेन से दिल्ली गया था। उसे कनाडा जाना था और इसी सिलसिले में फाइल लेकर दिल्ली गया था।

आज सुबह करीब 4 बजे वह ट्रेन से ही दिल्ली से करनाल लौटा था। स्टेशन से गाड़ी उठाकर वह गांव की तरफ आ रहा था। सुबह जब हरनूर गाड़ी से अपने गांव अलीपुर आ रहा था तो कैथल रोड पर स्थित गांव सिरसी के पास सडक के बीच में दो कैंटर खड़े थे। उसकी कार सीधे पीछ से खड़े कैंटर में जा घुसी। इस दर्दनाक हादसे मे हरनूर की मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि तीन दिन ये कैंटर बीच सडक में ही खड़े थे। काफी वाहन चालक इन कैंटरों की वजह से सडक हादसे का शिकार होने बचे हैं। लेकिन आज सुबह इन्हीं कैंटरों की वजह से परिवार का इकलौते बेटा उनसे छीन गया। मृतक के चचेरे भाई वीरेंद्र ने बताया कि अब कुछ समय पहले ही हरनूर ने 12वीं कक्षा पास करने के बाद आइलेट्स किया था, जिसके साढ़े 6 बैंड भी आए थे। अब वह आगे की पढ़ाई कनाडा.में करना चाहता था। उसी फाइल के सिलसिले में वह दिल्ली गया था। सदर थाना के जांच अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने तीनों वाहनों को कब्जे में ले लिया है। वही मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया जाएगा। परिजनों की शिकायत के आधार मामला दर्ज किया जाएगा।

# विधायक ने निगम अधिकारियों के साथ किया वार्ड नम्बर 6 का दौरा

## विभिन्न विकास कार्यों का निगम के अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**घरौंडा के** विधायक हरविंद्र कल्याण ने सोमवार को गाँव कम्बोपूरा के ग्रामीणों द्वारा बताये गए विभिन्न विकास कार्यों का निगम के अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया।



इस दौरान विधायक कल्याण ने गाँव कम्बोपूरा के लोगों की मांगो को गंभीरता से लेते हुए भविष्य मे होने वाले कई तरह के विकास कार्यों सामुदायिक केंद्र, फिरनी, गलियां, सर्विस लेन के साथ वाला नाला, समसान घाट के पास पुलिया, ग्रीन बेल्ट पर पार्क, हाईवे पर अंडरपास, स्ट्रीट लाइट, महिला चौपाल के उपयुक्त स्थानों सहित निमार्णाधीन वाल्मीकी चौपाल तथा एसटीपी का निरीक्षण भी किया। ग्रामीणों ने तेज बरसात मे होने वाली जल भराव की समस्या भी हल्का विधायक के सामने रखी। जिस पर विधायक ने उपस्थित निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल भराव की समस्या का उचित समाधान करें, ताकि बरसात के समय मे लोगो के घरों मे भरने वाले पानी से निजात मिल सके। विधायक कल्याण ने ग्रामीणों को कहा कि आपसी तालमेल ओर सहयोग से हर कार्य आसान हो जाता है। इसलिए किसी भी समाजिक या विकास कार्य में आपसी तालमेल होना जरूरी है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल बिना किसी भेदभाव के विकास कार्यों सहित प्रदेश की काफी समस्याओं को बारीकी से समझने के बाद उनके समाधान कर रहे है ताकि हर योजना का लाभ पात्र उम्मीदवारों को बिना किसी दिक्कत के मिले ओर प्रदेश मे चहुमुखी विकास हो। नगर निगम के एस सी श्याम सिंह, एक्सीयन सतीश शर्मा, एसडीओ सुनील भल्ला, पार्षद प्रतिनिधि राजेंद्र सिरसी, पृथ्वी कम्बोज, दर्शन, पाला राम, सुमित, मंजीत, जयभागवान, अशोक कम्बोज, सतीश कम्बोज, मंडल महामंत्री सतबीर गोस्वामी, कष्ट निवारण समिति सदस्य निशांत राणा सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

## वाहन चोर काबू, एक बाईक व एक स्कूटी बरामद



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**एंटी व्हीकल** थेफ्ट यूनिट की अध्यक्षता में टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना पर आरोपी योगेश उर्फ योगी पुत्र सतीश वासी लक्ष्मण कॉलोनी थाना कृष्णा गेट कुरुक्षेत्र को सेक्टर 32 करनाल से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से एक मोटरसाइकिल व एक स्कूटी बरामद की गई।

पुलिस जांच के दौरान पाया गया कि आरोपी योगेश ने 1 अक्टूबर को शिकायतकर्ता राजेश वासी दयाल सिंह कॉलोनी की स्कूटी अटल पार्क से व 27 अक्टूबर को हिमांशु वासी सेक्टर 8 करनाल की मोटरसाइकिल जिमखाना क्लब के बाहर से चोरी करके वारदात को अंजाम दिया था। इस संबंध में नामालूम आरोपियों के खिलाफ थाना सेक्टर 32-33 में भादंस की धारा-379 के तहत दो मामले दर्ज किए गए थे। पुलिस पूछताछ में पाया गया कि आरोपी जल्दी अमीर बनने के लालच में चोरी की वारदातों को अंजाम देता है। आरोपी के खिलाफ पहले भी व्हीकल चोरी के दो मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी को आज न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## जेसी जतिन सिंगला बने जोन टैन प्रेजिडेंट



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**भिवानी** में जोन-10 जेसीआई की वार्षिक अशोका जोन-कोन 2023 की मीटिंग आयोजित हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जोन प्रेजिडेंट सुनील माटा ने की। जिन्होंने पुरे जोन-10 से आये हुए सभी जेसीआई सदस्यों का स्वागत किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य वर्ष 2024 के लिए जोन प्रेजिडेंट और उनकी टीम को इलेक्ट करना था। आज की बैठक में विशाखापटनम से आई जेसीआई इंडिया की एग्जीक्यूटिव अफसर जेसी रजिता पुसरला रही, जिनकी देखरेख में आज यह चुनावी प्रक्रिया सम्पन्न हुई।

जेसीआई के सभी सदस्यों की सर्वसम्मति से आज जेसी जतिन सिंगला को वर्ष 2024 के लिए जोन प्रेजिडेंट ऑफ जोन-10 चुना गया। करनाल के लिए बड़े गर्व की बात है कि काफी समय बाद जेसीआई में जोन-10 की जिम्मेदारी जतिन सिंगला को मिली है। उन्होंने सभी जेसीआई के सदस्यों का धन्यवाद किया। जतिन सिंगला ने बताया कि उनके कार्यकाल में जेसीआई पुरे भारत वर्ष में नई बुलंदियों को छुएगी। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से जेसी मुकेश पाहवा, केसी गुप्ता, सुभाष श्योराण, रोशन लाल गोयल, संजीव तायल, जितेंदर मान, जितेंद्र चहल, संजीव पुंडीर, अनूप भारद्वाज, रवनीत चावला, सुशील बिंदल आदि सदस्य मौजूद रहे।

## पुरस्कारों के लिए 10 नवंबर तक करें आवेदन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**सामाजिक न्याय** एवं अधिकारिता विभाग द्वारा वरिष्ठ नागरिक सम्मान पुरस्कार, श्रेष्ठ ग्राम पंचायत व श्रेष्ठ स्वैच्छिक संगठन पुरस्कार के अंतर्गत विभिन्न श्रेणियों में वरिष्ठ नागरिकों को व संस्थाओं से आवेदन आमंत्रित किये गए है। इन पुरस्कारों के लिए पात्र वरिष्ठ नागरिक व संस्था अपनी उपलब्धियों के विवरण व प्रमाण पत्रों के साथ विभाग के पोर्टल पर 10 नवंबर तक आवेदन कर सकते है। विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि वरिष्ठ नागरिक सम्मान पुरस्कार (2023-24) के तहत शतवर्षीय पुरस्कार, श्रेष्ठ माता पुरस्कार और बहादुरी पुरस्कार, आजीवन उपलब्धि पुरस्कार, वरिष्ठ पेंटर पुरस्कार, वरिष्ठ मूर्तिकला पुरस्कार, वरिष्ठ अभ्यासरत संगीतकार या गायक पुरस्कार, वरिष्ठ नृत्य अभ्यासरत पुरस्कार तथा वरिष्ठ अभ्यासरत खिलाड़ी पुरस्कार के लिए प्रथम विजेता को पचास हजार, द्वितीय विजेता को तीस हजार तथा तृतीय विजेता को बीस हजार रुपए की राशि दी जायेगी।

## श्री खाटू श्याम कीर्तन मंडल ने किया श्री श्याम संकीर्तन संध्या का आयोजन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**श्री खाटू** श्याम कीर्तन मंडल करनाल की तरफ से श्री श्याम संकीर्तन संध्या का आयोजन किया गया,जिसमे विश्वविख्यात बाबा के भक्त संजय मित्तल कोलकाता वाले, हिमांशु सिंगला, वैभव गर्ग ने बाबा के दरबार में हाजरी लगवाई।

आज की श्याम कीर्तन में हजारों की संख्या में भक्तों ने बाबा के दरबार में हाजिरी लगवाई। श्री खाटू श्याम कीर्तन मंडल के सभी 61 सदस्य अपने अपने परिवारों के साथ बाबा के दरबार में आये। संजय मित्तल द्वारा भर दे श्याम झोली भर दे के भजनों पर



सभी श्याम प्रेमियों ने आनंद उठाया।

कीर्तन के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भजन संध्या के बाद सभी कलाकारों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। श्री खाटू श्याम कीर्तन मंडल के सभी सदस्यों ने करनाल वासियो के सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

## स्कूल छात्रों के लिए गांव रतनगढ़ से प्रेमनगर तक चली रोडवेज बस

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**एक दिन** पहले जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गांव रतनगढ़वासियों से वायदा किया था कि गांव से प्रेमनगर के लिए रोडवेज बस चलाई जाएगी।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल के वायदे के अनुरूप सोमवार सुबह रतनगढ़ में रोडवेज बस पहुंची और स्कूली बच्चों को लेकर प्रेमनगर पहुंची। भारत माता की जय और मुख्यमंत्री मनोहर लाल जिंदाबाद के नारों के बीच गांववासियों ने बस को रवाना किया।

गौरतलब है कि रतनगढ़ गांव में जनसंवाद के दौरान एक छात्र ने प्रेमनगर तक स्कूल जाने के लिए रोडवेज बस चलाए जाने की मांग



की थी। इसके बाद मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सोमवार से ही बस चलाए जाने की घोषणा की थी। गांव की सरपंच मनजीत ने बताया कि सुबह 7 बजे रोडवेज बस गांव पहुंच गई थी। इसके बाद करनाल के प्रेमनगर में जाने वाले सभी बच्चे एक-एक करके बस में सवार हुए और जयकारे लगाकर बस को करनाल के लिए रवाना किया गया।

**सरपंच मनजीत ने नारियल फोडकर किया बस को रवाना**

सरपंच मनजीत ने नारियल फोडकर बस को रवाना किया। इस दौरान सभी ग्राम वासियों के चेहरे पर खुशी की झलक नजर दिखाई। गांववासियों ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल का तह दिल से आभार प्रकट किया और खुले मन से प्रशंसा की। पहले दिन गांव के लगभग 65 छात्र-छात्राएं बस में सवार होकर अपने स्कूल में गए।

**विद्यार्थियों के लिए छुट्टी के दिन को छोडकर निंरतर चलेगी यह बस सेवा : जीएम** हरियाणा रोडवेज करनाल के जीएम कुलदीप सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री के निदेर्शानुसार यह बस सेवा विद्यार्थियों के लिए निंरतर चलेगी। यह बस सेवा छात्र परिवहन सुरक्षा योजना के तहत शुरू की गई है।

यह बस छुट्टी के दिन को छोडकर हर रोज प्रातः 7 बजे गांव में पहुंच जाएगी। इसी प्रकार बाद दोपहर भी स्कूल की छुट्टी उपरांत विद्यार्थियों को रामनगर से गांव रतनगढ़ लेकर जाएगी।

**गांव रतनगढ़ से योजना की हुई शुरूआत:** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गांव रतनगढ़ घोषणा की थी कि गांव में 50 से अधिक विद्यार्थी होने पर दूर-दराज के स्कूल में जाने के लिए अब परिवहन विभाग की ओर से बस सेवा उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने कहा था कि जिस गांव में 30 से 40 विद्यार्थी हैं वहां पर मिनी बस, जिस गांव में 5 से 10 विद्यार्थी हैं वहां पर शिक्षा विभाग की ओर से परिवहन व्यवस्था उपलब्ध करवाई जाएगी। यह सुविधा छात्र परिवहन सुरक्षा योजना के तहत उपलब्ध करवाई जाएगी।

## ट्रेन की चपेट में आने से रिटायर्ड रोडवेज कर्मचारी की मौत

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**करनाल रेलवे स्टेशन** के पास ट्रेन की चपेट में आने से रोडवेज विभाग से रिटायर्ड कर्मचारी की मौत हो गई। व्यक्ति रात को खाना खाने के बाद सैर करने के लिए निकला था, लेकिन उसके बाद वह घर नहीं लौटा। शव की पहचान होने के बाद सोमवार दोपहर उसका पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के हवाले कर दिया।

मृतक के परिजनों ने बताया कि 58 वर्षीय राधेश्याम वासी रामनगर रोज खाना खाने के बाद रात को सैर करने के लिए जाते थे। रविवार रात करीब 8 बजे भी वह खाना खाने के बाद रेलवे ट्रैक को पार करके एनडीआरआई की तरफ सैर करने के लिए जा रहे थे। ट्रक को पार करते समय व ट्रेन की चपेट में आ गए।

जीआरपी के एसएचओ जसबीर सिंह ने बताया कि रात को उन्हें ट्रेन के लोको पालयट द्वारा सूचना दी थी कि रेलवे ट्रैक पर किसी व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। इसके बाद रात को पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस में रखवा दिया था। परिजनों ने रात भर राधेश्याम की तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। सुबह जब वह जीआरपी थाना पहुंचे तो उन्हें राधेश्याम की फोटो दिखाई गई, जिससे उसकी शिनाख्त हो पाई।

## अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**करनाल में** सडक हादसे में घायल व्यक्ति की मौत हो गई। उसका 13 दिन से प्राइवेट अस्पताल में इलाज चल रहा था। हादसे में उसके अलावा बाइक पर एक अन्य व्यक्ति भी घायल हुआ था। दोनों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी थी। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है।

मरने वाले व्यक्ति की पहचान 40 वर्षीय सुरेंद्र कुमार के रूप में हुई है। वह अपने साथी टपराना निवासी शौकीन के साथ बाइक पर सवार होकर करनाल से तरावड़ी की तरफ जा रहा था। कर्ण लेक के सामने जीटी रोड पर पीछे से एक तेज रफ्तार वाहन आया और बाइक को टक्कर मार दी, जिससे दोनों सडक गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घायल अवस्था मे दोनों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

## स्वच्छ भारत अभियान के तहत निर्धारित लक्ष्यों को मिशन मोड में करें पूराः अनीश यादव

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**डीसी अनीश** यादव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे स्वच्छ भारत अभियान के तहत निर्धारित लक्ष्यों को समय पर पूरा करें। इन लक्ष्यों को मिशन मोड में पूरा किया जाए। उन्होंने ओडीएफ प्लस, ग्रे वाटर मैनेजमेंट, ठोस व तरल कचरा प्रबंधन के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान एडीसी डॉ. वैशाली शर्मा व जिला परिषद के सीईओ गौरव कुमार भी मौजूद रहे।



अनीश यादव ने कहा कि करनाल जिला ने ओडीएफ प्लस के लिए बेहतर काम किया है। इसके अंतर्गत आने वाले करनाल के 443 गांवों में से 441 को ओडीएफ प्लस कर दिया गया है, जो 99.55 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में उनकी रैंकिंग बेहतर है। डीसी अनीश यादव ने आईएचएचएल, जीडब्लूएम, गौबरधन आदि में भी बेहतर काम करने के लिए पंचायत विभाग के अधिकारियों को प्रोत्साहित किया। डीसी अनीश यादव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ओडीएफ प्लस ग्रामीण अभियान के तहत सभी घटकों पर विशेष ध्यान दें और गांवों में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट एवं लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट का सही निष्पादन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि उचित प्रबंधन, समयबद्ध तरीके से कार्य करने पर ही वांछित सफलता पाई जा सकती है। इसके साथ-साथ उन्होंने कहा कि हमें लोगों को साफ-सफाई व स्वच्छता के लिए भी जागरूक करना चाहिए।

## साइबर अपराध थाना की टीम ने राजकीय स्कूल में लगाया सेमिनार

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**जिला पुलिस** द्वारा लोगों के साथ साइबर अपराधियों द्वारा किये जाने वाले विभिन्न प्रवृत्ति के साइबर अपराधों से लोगों को बचाने व लोगों को जागरूक करने के लिए समय.समय पर साइबर अपराध जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। अधिक से अधिक लोगों को साइबर अपराधों के बारे मे जानकारी देकर उनको संभावित साइबर अपराध से बचाने के लिए प्रत्येक माह को जिला पुलिस द्वारा साइबर अपराध जागरूकता अभियान चलाया जाता है।

इस दौरान करनाल पुलिस की टीमें अलग-अलग स्कूलों, गांवों व सार्वजनिक स्थानों पर जाकर विधार्थियों व लोगों को साइबर



अपराधों के प्रति जागरूक करती हैं और लोगों को साइबर अपराधों से बचने के लिए टिप्स देती हैं। इसी कडी में आज साइबर अपराध थाना की टीम द्वारा राजकीय स्कूल करनाल में सैमिनार लगाकर बच्चों और स्कूल स्टॉफ को साइबर अपराधों के बारे में विस्तार से जानकार दी गई व साइबर अपराध होने से कैसे बचा जाये, के बारे में जरूरी जानकारी व बरती जाने वाली सावधानियों से अवगत करवाया गया।

इस दौरान प्रबंधक थाना साइबर निरीक्षक राजीव मिगलानी के नेतृत्व में साइबर अपराध थाना की टीम में मुख्य सिपाही प्रवीण, सिपाही लवकेश, सिपाही रौनक, मुख्य सिपाही सुनील व करीब 320 छात्र और स्कूल स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

सैमिनार में बच्चों को बताया गया कि कैसे साइबर ठग लोगों के साथ ठगी करने के अलग.अलग तरीके अपना रहे हैं, जिसके कारण लोग आर्थिक ठगी के साथ मानसिक तौर पर भी परेशान रहते हैं। इंटरनेट की दुनिया में व सोशल मीडिया साईट्स पर हमारी छोटी सी गलती कैसे हमारे लिये आर्थिक तौर व मानसिक तौर पर हानिकारक साबित होती है। कैडेट्स को बताया गया कि इंटरनेट प्रयोग करते समय हमें हमेशा सुरक्षित वेबसाईटों पर ही विजिट करनी चाहिए। अपने सोशल मीडिया खातों को एक मजबूत पासवर्ड लगाकर सुरक्षित रखना चाहिए और उन पासवर्ड को समय-समय पर बदलते रहना चाहिए। बच्चों को बताया गया कि सोशल साईट्स पर प्रचलित प्रलोभन देने वाले संदेशों के झांसे में नही आना चाहिए। इस प्रकार की उपयोगी जानकारी हम अपने पारिवारिक सदस्यों, परिचितों व सगे संबंधियों के साथ सांझा करके उनके साथ होने वाले साइबर अपराध से उनको बचा सकते हैं।

## पीएनडीटी एक्ट के तहत जिला स्तरीय सलाहकार समिति की हुई मासिक बैठक

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**सिविल** सर्जन डॉ. कृष्ण कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को प्रसव पूर्व लिंग निर्धारण अधिनियम (पीएनडीटी एक्ट) के तहत जिला स्तरीय सलाहकार समिति की मासिक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें लिंगानुपात में सुधार को लेकर चर्चा के साथ-साथ अल्ट्रासाउंड केन्द्रों, सीटी स्कैन सैंटर्स, एमआरआई तथा ईको मशीनों के नए पंजीकरण, नवीनीकरण तथा अन्य आवेदनों से संबंधित कुल 27 मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया।

बैठक में जिला स्तरीय सलाहकार समिति के सदस्यों की सहमति से नियमानुसार 25 एजेंडों को स्वीकृति प्रदान की गई।



जबकि बैठक के एक एजेंडे को अस्वीकृत किया गया तथा 1 एजेंडे को अगली बैठक के लिए लंबित रखा गया। इनमें माधव सिटी स्कैन केन्द्र में सिटी स्कैन व एमआरआई करने के लिए पंजीकरण के नवीनीकरण की स्वीकृति, इंदिरा आईवीएफ सैंटर करनाल से डॉ. ललिता के नाम का डिलीशन तथा अल्ट्रासाउंड ऑपरेटर के समय बदलाव को स्वीकृति, किरणदीप अल्ट्रासाउंड एण्ड सिटी स्कैन केन्द्र असंध को सिटी स्कैन मशीन बेचने की स्वीकृति, सत पाथ लैब को अल्ट्रासाउंड ऑपरेटर में इजाफा व बदलने की स्वीकृति और भल्ला क्नीनिक घरौंडा को अल्ट्रासाउंड मशीन को समाप्त करने की स्वीकृति प्रदान की गई।

## संपादकीय

# बड़ी सफलता नियमित प्रयास की परिणति

**मन ही** मन यदि आपने किसी कठिन कार्य को करने का संकल्प ले लिया तो निरंतर जिजीविषा और संयम के साथ संघर्ष हर बड़ी जीत और सफलता के उत्तम मार्ग हैं। निराशा से बढ़कर कोई अवरोध नहीं अतः निराशा, हताशा को त्यागें और ऊर्जा उत्साह के साथ आगे बढ़े, सफलता आपके कदमों पर होगी। हर बड़ा व्यक्ति जो हमें समाज से अलग हटकर खड़ा दिखाई देता है' जिसे हम विलक्षण मानते और प्रतिभा संपन्न मानते हैं और आज के संदर्भ में हम उसे सेलिब्रिटी कहते हैं तो निसंदेह उसकी इस सफलता के पीछे अनवरत श्रम, अदम्य मानसिक शक्ति और संयम छुपा होता है' बड़ी सफलता प्राप्त करने का कोई सरल उपाय या शॉर्टकट नहीं होता है। विपरीत परिस्थितियों में मनुष्य की मानसिक दृढ़ता एवं संकल्पित कठिन श्रम ही सफलता के रास्ते खोलते हैं।यूं तो हर इंसान के जीवन में विशेषताएं, मान्यताएं, प्रतिबद्धताओं और आकांक्षाएं होती हैं' सभी लोग मूलभूत आवश्यकताओं के साथ साथ सामाजिकता , प्रसिद्धि और प्रतिष्ठा जैसी उच्च स्तरीय आवश्यकताओं की पूर्ति करना चाहते हैं' मानव की स्वाभाविक और अदम्य इच्छा की पूर्ति के संपूर्ण जीवन और उसके अस्तित्व के लिए अत्यंत आवश्यक है किंतु व्यक्ति की इच्छा,आकांक्षा सफलता उस उसके मूल्यों,सिद्धांतों और आदर्शों की कीमत पर कतई नहीं होनी चाहिए ' यदि व्यक्ति की आकांक्षा,सफलता और इच्छा उसकी अदम्य इच्छा, भूख और मूल्यों को समाविष्ट ना करते हुए दूसरी दिशा में जाती हो तो ऐसे में उसकी सफलता पूरे मानव समाज और मानवता के लिए संकट का कारण भी बन सकती है' जिस तरह एक वैज्ञानिक मेहनत, लगन, प्रयोगशाला में मानवी संविधान मूल्यों से ओतप्रोत मानव कल्याण के उपकरण न बनाकर जैविक व रासायनिक हथियार बनाकर व्यापक नरसंहार जैसे अमानवीय अविष्कार को मूर्त रूप दे, तो यह समाज के लिए खतरनाक हो सकता है' यही वजह है की सफलता का नक्शा और इच्छा के पीछे माननीय मूल्यों का होना अत्यंत आवश्यक भी है' मूल्य, सिद्धांत और नैतिकता जीवन के लक्ष्य और उसके क्रियान्वयन में सर्वाधिक संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं' सफलता की धारणा केवल स्थापित मापदंड न होकर मानवीय मूल्यों से जुड़ा होकर मानव कल्याण के लिए भी होना चाहिए'इसमें कोई संदेह नहीं की विश्व भर की सभी सभ्यताओं, संस्कृतियों और धर्मों में अहिंसा, सत्य ,करुणा, सेवा, दया और विश्व बंधुत्व की भावना की निर्विवाद उपस्थिति दिखाई देती है' और वैश्विक विकास की अवधारणा भी इन्हीं बिंदुओं पर रखकर तय की जाती है' भारत में प्राचीन काल से ही मूल्यों की प्रतिबद्धता की परंपरा चली आ रही है'ऋषि-मुनियों ने तो यहां तक कहा है कि जिसका चरित्र तथा माननीय आदर्श चला गया वह व्यक्ति, मृतक लाश की तरह हो जाता है। भारतीय संस्कृति में आदर्शों तथा मूल्य के पोषक उदाहरणों की अंतहीन सूची है जिनमें कबीर, रैदास, संत,ज्ञानेश्वर तुकाराम,मोइनुद्दीन चिश्ती, निजामुद्दीन औलिया, रहीम,खुसरो, गांधी,नेहरू, टैगोर, सुभाष, विवेकानंद जैसे महान लोग सिद्धांतों की प्रतिबद्धता को अपने जीवन की सफलता मानकर अपने जीवन को समाज को सौंप दिया था।परिणाम स्वरूप व्यक्ति को महज सफलता का पुजारी ना बन कर मूल्यों के प्रति प्रतिबंध होने का प्रयास करना चाहिए। ताकि तनिक सफलता के स्थान पर चिरस्थाई एवं समाज उपयोगी सफलता प्राप्त हो सके।

# बेखबर मतदाता को खबरदार होने की जरूरत



प्रवीण लाटा

"सबसे अधिक कौतूहल में तो हमारा मीडिया है, जिसे गुमान हो गया है कि वही लोकतंत्र का पहरुआ है और इसी गुमान में उसकी चाल-ढाल में बहुत कुछ बदला-बदला नजर आने लगा है। बदलाव ऐसा कि उसी के खाते में सब कुछ है और उस पर भरोसा करने वाले लोग रीते हाथ खड़े हैं। बाजार का हिस्सा बने मीडिया के पास मुनाफा कमाने के जुमलों की बहार है और वह इन्हीं में मस्त है। उसे अपने पाठक या दर्शक से कुछ लेना-देना नहीं। जब हम बात लोकतंत्र की करते हैं तो हमें लोक यानी मतदाता की सुध भी लेनी चाहिए। यह सुध उस पारस्परिक नातेदारी पर निर्भर होती है, जो सत्ता, मीडिया और मतदाता के बीच होती है। इस नातेदारी में कहीं भी लोच या लचीलापन आता है तो नातेदारी का ईमान डोल जाता है। बस, यहीं से शुरू होता है बाजार का खेल"

**चुनाव** में प्रत्येक जिम्मेदार नागरिक की यह जवाबदारी है कि अच्छे चुनाव में सहभागी बने। पहली जरूरत तो ऐसा वातावरण बनाने की है जिसमें हर एक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने जरूर जाए। सभी तरह के प्रलोभनों और दबावों से मुक्त रहकर मतदान करे। अपराधी मानसिकता और पृष्ठभूमि वाले उम्मीदवारों को नकारे। स्वस्थ लोकतंत्र के लिए यह जरूरी है। उपयुक्त वातावरण को रचने में और मतदाताओं को सही दिशा में प्रेरित और प्रोत्साहित करने में मीडिया महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। यह मीडिया का दायित्व है और कर्तव्य भी।

पूंजी लगाने और मुनाफा कमाने की होड़ के इस समय में समाज नाम की संस्था की जमीन के दरकने की आवाज किसी ने सुनी हो या न सुनी हो, लेकिन संस्था का हर एक सदस्य चौंक तो गया ही है। उसके विश्वास की चूलें हिल सी गई हैं और वह अपने समय और समाज को नित नई होती टेक्नोलाजी के सहारे परिभाषित करने में जुट गया है। सबसे अधिक कौतूहल में तो हमारा मीडिया है, जिसे गुमान हो गया है कि वही लोकतंत्र का पहरुआ है और इसी गुमान में उसकी चाल-ढाल में बहुत कुछ बदला-बदला नजर आने लगा है। बदलाव ऐसा कि उसी के खाते में सब कुछ है और उस पर भरोसा करने वाले लोग रीते हाथ खड़े हैं। बाजार का हिस्सा बने मीडिया के पास मुनाफा कमाने के जुमलों की बहार है और वह इन्हीं में मस्त है। उसे अपने पाठक या दर्शक से कुछ लेना-देना नहीं। जब हम बात लोकतंत्र की करते हैं तो हमें लोक यानी मतदाता की सुध भी लेनी चाहिए। यह सुध उस पारस्परिक नातेदारी पर निर्भर होती है, जो सत्ता, मीडिया और मतदाता के बीच होती है। इस नातेदारी में कहीं भी लोच या लचीलापन आता है तो नातेदारी का ईमान डोल जाता है। बस, यहीं से शुरू होता है बाजार का खेल। बाजार अपने तरीके से पूँजी लगाने और मुनाफा कमाने की होड़ में शामिल होने का लुभावना पासा फेंक कर मीडिया संस्थान को फँसा लेता है। फिर तो ऐसा खेल चलता है कि मतदाता को पता ही नहीं चलता कि कब उसके इमोशन को मीडिया ने बेच खाया और कब-कैसे मीडिया ने उस पर अपना एजेंडा थोप दिया है। यह कहने में मुझे कोई गुरेज नहीं कि हमारे देश के अधिसंख्य मतदाता मीडिया की बनती-बिगड़ती शब्दावली से एकदम बेखबर है। बहुत से लोग नहीं जानते कि ह्यपेड न्यूजह्व और पेड व्यूज का खेल क्या है? एडवरटोरियल, इम्पैक्ट फीचर और ब्रैण्ड प्रो जैसी शब्दावली के क्या मायने हैं? दरअसल कारपोरेटी हो गए मीडिया ने बड़ी चालाकी से पूँजी और मुनाफे की होड़ में शामिल होकर राजनीति और बाजार के सुर में सुर मिलाना शुरू कर दिया और अपने पाठक-दर्शकों को इसकी भनक तक न लगने दी।



नतीजा यह कि जिसे खबरदार रहना था वह बेखबर होकर इसी भ्रम में रह गया कि सबकुछ उसके हाथ में मौजूद रिमोट से चल रहा है। वैसे खतरे तब अधिक हो जाते हैं, जब लोकतंत्र का सबसे जरूरी पर्व चुनाव आता है और खबरों और खबरों के विश्लेषण के लिए साधारण से लेकर खास मतदाता तक मीडिया की ओर बड़ी ही हसरत भरी नजरों से देखता है। वह ह्यपेडह्व और ह्यअनपेडह्व के खेल से वाकिफ नहीं होता और अपनी पसंद के मीडिया के अनुरूप अपनी धारणा बना लेता है। संचार की दुनिया में यह एक तरह से अपने आडियन्स के साथ धोखा है। बड़ी बात यह कि नए समय का मीडिया आडियन्स के प्रति किसी भी तरह की जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं होता। बरसों पहले संचार को राजनीतिक औजार कहने वाले मैकब्राइड आयोग की रिपोर्ट में भी यही कहा गया कि ह्यह्यखतरा तब पैदा होता है, जब संचार माध्यमों तक पहुँचने वाले लोग अपने लिए ही पूरी स्वतंत्रता की माँग रखते हैं और जनता के प्रति थोड़ी जिम्मेदारी से भी इंकार करते हैं। उनका मानना है कि सूचना तो पूरी तरह निरपेक्ष है। कई बार स्वतंत्रता और जिम्मेदारी की धारणाओं को एक दूसरे का विरोधी समझा और प्रस्तुत किया जाता है, जबकि ये दोनों ही सभ्यता के प्रमुख कारक हैं। कभी-कभी सूचना प्रसारण के नतीजों पर ध्यान नहीं दिया जाता। न ही यह माना जाता है कि उसके साथ किसी तरह की जिम्मेदारी जुड़ी हुई है। यह मान्यता इस तथ्य पर परदा डाल देती है कि स्वतंत्रता और जिम्मेदारी में घनिष्ठ सम्बन्ध है और वे अखंड हैं। यह बात तमाम अन्य क्षेत्रो की तरह ही संचार के क्षेत्रों में भी लागू होती है।

बहरहाल जब-जब चुनाव आता है, मीडिया की शुचिता निशाने पर रहती है। पेड न्यूज और पेड व्यूज का खतरा तो रहता ही है, साथ ही मीडिया घरानों की अपनी पसंदगी और नापसंदगी भी हावी रहती है। कारपोरेटी मीडिया के साथ तो ये खतरे हर समय बने रहते हैं। इन दिनों विधानसभा चुनाव को लेकर भी हंगामा बरपा हुआ है। कई टेलीविजन चैनलों को देखने-सुनने से सहज ही अंदाजा लग जा रहा है कि उनकी धुरी किसके कब्जे में है। पेट न्यूज और पेड व्यूज की तर्ज पर पेड इंटरव्यू (नवभारत नहीं) और ऐसी ही कई विधाएँ जन्म ले रही हैं। मीडियाकर्मी अब खबरों की दुनिया को छोड़कर नेताओं की ब्रैण्डिंग, पैकेजिंग और मार्केटिंग के फण्डों को नए-नए ढंग से करने और उन्हें जनता-जनार्दन के सामने प्रस्तुत कर देने की जुगत भिड़ाने में लगे हुए हैं। यह अकारण नहीं है कि प्रख्यात पत्रकार रामबहादुर राय को अपनी किताब काली खबरों की कहानी में पेड न्यूज पर बात करते हुए यह लिखना पड़ा कि खबरों के धंधे से लोकतंत्र पर खतरा है। पत्रकारिता लोकतंत्र की कोख से निकली है। यह भी कह सकते हैं कि भारत में पत्रकारिता ने लोकतंत्र को सँवारा और सार्थक किया। जिस पत्रकारिता ने लोकतंत्र को उसके पैरों पर खड़ा किया, चलना सिखाया और आम आदमी को उसकी गरिमा दिलाई, वह इस धंधे में पड़ कर बीमार हो गई है। इस तरह की बीमारी दोनों को लग गई है - लोकतंत्र और पत्रकारिता को। यह अनायास नहीं था कि 2014 के लोकसभा चुनाव से ठीक पहले देश के कई बड़े अखबारों ने अपने पहले-दूसरे पृष्ठों पर विज्ञापन की तर्ज पर यह संकल्प प्रकाशित किया था कि हम पैसा लेकर खबर यानी पेड न्यूज नहीं छापेंगे। इस संकल्प की घोषणा के साथ ही उस समाचार पत्रों ने देश के मतदाताओं को यह तो जता ही दिया था कि खबरों की दुनिया में सबकुछ ठीक-ठाक नहीं चल रहा है। रोचक यह कि उस समय एक बड़े पत्रकार ने बड़ी ही बेबाकी से यह कह दिया था कि जिस अखबार में जितना अधिक भ्रष्टाचार है, वह उतनी तेजी से चुनावी खबरों के भ्रष्टाचार में लिप्त है। जानकारों की मानें तो कुछ खबरिया टेलीविजन चैनलों ने बकायदा राजनीतिक दलों और नेताओं की ब्रैण्डिंग करने, उनसे जुड़ी खबरों और उनके प्रचार की मिली-जुली खिचड़ी पकाकर उनके मनमाफिक पैकेजिंग करने और फिर उसकी मार्केटिंग करने का धंधा शुरू कर रखा है।

बहरहाल बदलते समय में बदलते मीडिया को देखकर दर्शक और पाठक यानी सामान्य जन यानी मतदाता भी बदलने पर मजबूर हो रहा है। वह मीडिया और उसके काम को उस तरह नहीं देख रहा, जिस तरह दशक पहले देखता था। वास्तव में कारपोरेटी मीडिया कितनी भी सावधानी बरते, उसके करम बता देते हैं कि वह किस तरफ करवट ले रहा है। यही वजह है कि साधारण दर्शकों ने भी उन चैनलों को चिह्नित कर लिया है, जो किसी एक पार्टी की तरफ झुकाव रखकर खबरें और विचार देने में जुटे हुए हैं। पिछले दिनों उत्तरप्रदेश के पूर्वांचल इलाके में हुए एक सर्वे में खबरिया टेलीविजन चैनलों के दर्शकों से जब यह पूछा गया कि वे कौन-सा चैनल देखते हैं और उसे किस राजनीतिक दल के अधिक निकट पाते हैं तो चौंकाने वाले आँकड़े सामने आए। अधिकतर दर्शकों के अंदाज एकदम सटीक थे और इस बात की तस्दीक कर रहे थे कि यह पब्लिक है, सब जानती है। यह तय है कि आज के मीडिया कर्म के प्रति बदलती जन भावनाएँ ही आने वाले समय में मीडिया इण्डस्ट्री की संभावनाओं को तय करेंगी। हमारे इस समय में आम आदमी के पास स्मार्टफोन नामक एक ऐसा स्टूडियो पहुँच गया है कि वह आडियो-वीडियो की दुनिया में तो धमाल मचा रहा है। साथ ही इतना कुछ शब्दों और फोटो के माध्यम से दर्ज कर दे रहा है कि लोकतंत्र के अलम्बरदार अचम्भे में हैं।

नागरिक पत्रकारिता का आगाज करने वालों को भी इस तरह के अंजाम की सुगबुगाहट तक न थी। संवाद के इतने ठीहे उपलब्ध हो गए हैं कि आम मतदाता खुद ही खबरों और अफवाहों के बाजार में कूद गया है। अब से पहले आम मतदाता ने इतने बेबाक ढंग से राजनीति पर कभी चर्चा नहीं की होगी जितनी कि अब कर रहा है। राजनीति का जन इतिहास लिखते यह मतदाता उन सब चीजों को दर्ज करता हुआ समय के साथ आगे बढ़ रहा है, जिसे हमारे अखबार और टेलीविजन छोड़ दे रहे हैं। तय है कि आने वाले दिनों में आभासी दुनिया में हो रहे इस धमाल की धमक वास्तविक दुनिया में इतने जोरों से सुनाई देगी, जिसका आभास अभी माडिया दिग्गजों को नहीं है। संचार की दुनिया में हो रहे इस कमाल से संचार शास्त्री हतप्रभ हैं और उनको अपने समय, समाज और संचार के रिश्तों को एक बार फिर खंगालने की जरूरत महसूस होने लगी है। जाहिर है कि टेक्नोलाजी के सहारे आगे बढ़ते इस समय को हम आसानी से बेखबर मतदाता के पक्ष में कर सकते हैं और उसे मीडिया में होने वाले बदलाव से खबरदार कर सकते हैं।

## कविता

नहीं चाहिए युद्ध कबीरा।
हमें चाहिए बुद्ध कबीरा।

शांति और विकास चाहिए
चाहिए पूरा शुद्ध कबीरा।

प्यार बिना है जग सूना
क्यों रहते हो क्रुद्ध कबीरा।

बम तोपें और टैंक सजे हैं
इक-दूजे के विरुद्ध कबीरा।

युद्धों से आगे का रस्ता
हो जाता अवरुद्ध कबीरा।

शांतिपूर्ण दुनिया का सपना
देख रहा प्रबुद्ध कबीरा।

-अरुण कुमार

## बागी एवं बगावती होते टिकट वंचित नेता

**ललित गर्ग**

**पांच राज्यों** के विधानसभा से पहले अनेक राजनीतिक दलों एवं उनके नेताओं के बीच बड़ी ऊंठापटक, खींचतान एवं चरित्रगत बदलाव देखने को मिल रहे हैं। राजस्थान एवं मध्यप्रदेश में भारतीय जनता पार्टी एवं कांग्रेस ही आमने-सामने की स्थिति में है, लेकिन टिकट बंटवारे को लेकर इन दोनों ही दलों में दोनों ही राज्यों में व्यापक बदलाव देखने को मिल रहा है। दोनों ही दलों में अपने आपको पार्टी का सर्वेसर्वा मानने वाले नेताओं की इस बार टिकट बंटवारे में दाल नहीं गली और वे अपने चेहतों को टिकट देने में नाकाम साबित हुए, जिससे दोनों ही दलों में भारी असंतोष एवं विद्रोह देखने को मिल रहा है। प्रदेश के शीर्ष नेताओं को भी टिकट न मिलने से बागी एवं बगावती स्वर उभर रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल तो यह है कि क्या अब चुनाव का टिकट पाना या उसका कटना ही नेताओं के जीवन-मरण का प्रश्न बन गया है? क्या पार्टी के प्रति बफादारी का गुब्बारा एक टिकट न मिलने की सूई से ही हवा शून्य हो गया है? एक प्रश्न और है कि टिकट क्या किन्हीं नेताओं की बपौती है, फिर बाकी कार्यकताओं का क्या वजूद है जो सालों से पार्टी के लिये जी-जान लगाये होते है? क्या राजनीति अब सबसे ज्यादा लाभ और रौब का धंधा बन चुकी है? लोकतंत्र में जब मूल्य एवं सिद्धान्त कमजोर हो जाते है और सिर्फ निजी हैसियत को ऊंचा करना ही महत्वपूर्ण हो जाता है वह लोकतंत्र निश्चित रूप से कमजोर हो जाता है।

अफसोस, कि जिस जन की सेवा के लिए चुनाव टिकट रूपी एंट्री पास तैयार किया गया है, वह ह्यजनह्व पहले भी हतप्रभ था, आज भी है और शायद आगे भी रहेगा। क्योंकि आम मतदाता तो पहले भी ठगा जाता था, गुमराह किया जाता था। आज भी उसके साथ यही हो रहा है? टिकट की दौड़ के लिये सक्रिय होने एवं पांच साल में केवल चुनाव के समय नजर आने वाले उम्मीदवारों को दोनों पार्टियों ने टिकट न देकर एक नया उदाहरण प्रस्तुत किया है। राजनीति में ऐसे ही साहसिक एवं अभिनव प्रयोग की अपेक्षा है, ताकि राजनीति में प्रतिनिधित्व की पात्रता किन्हीं सीमित हाथों से बाहर आये एवं नये चेहरों को अपना हूनर दिखाने का अवसर मिले।

राजस्थान विधानसभा चुनावों के लिए नामांकन के आखिरी दिन अनेक चेहरों को निराशा हाथ लगी है। भाजपा की आखिरी लिस्ट आ चुकी है, लेकिन इस लिस्ट में केंद्रीय नेतृत्व ने वसुंधरा राजे को किनारे कर दिया है। भाजपा ने इस बार वसुंधरा राजे के कई समर्थकों के टिकट काट दिए हैं। इनमें अशोक परनामी, अरूण चतुर्वेदी प्रमुख है और दोनों नेता ऐसे है जो पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष भी रह चुके है। इनके साथ ही पूर्व मंत्री एवं राजे के खास यूनुस खान का भी टिकट काट दिया गया है। राजपाल सिंह शेखावत और राव राजेन्द्र का टिकट भी पार्टी ने काट दिया है।

## विचार

## मनोज जरांगे की तुलना क्यों होती है गुजरात के हार्दिक पटेल से ?

**अशोक भाटिया**

**महाराष्ट्र** में मराठा आरक्षण आंदोलन हिंसक रूप विराट रूप ले चुका है। मराठा समुदाय के लिए आरक्षण की मांग करते हुए 40 वर्षीय मनोज जरांगे पाटिल ने 2014 के बाद से कई आंदोलन किए हैं, जो ज्यादा चर्चा में नहीं रहे। उनके ज्यादातर प्रदर्शनों की गूंज जालना जिले से बाहर नहीं जा पाई। हाल में उनकी भूख हड़ताल ने महाराष्ट्र में हलचल मचा दी । हिंसक प्रदर्शनों के बीच मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने आंदोलनकारी नेता मनोज जरांगे से बातचीत की और मराठा समुदाय को कुनबी जाति की कैटेगरी में शामिल करने का वादा किया है। सीएम शिंदे के आश्वासन के बाद मनोज जरांगे पाटिल ने आमरण अनशन खत्म कर दिया व सरकार को ज्यादा निर्णय लेने का और दो माह का समय दे दिया । मनोज जरांगे ने मराठा आंदोलन की मुहिम के बारे में जाने तो उन्होंने 2011 से यह मुहीम शुरू की। 2023 में अब तक उन्होंने 30 से ज्यादा बार आरक्षण के लिए आंदोलन किया। जरांगे को मराठा आरक्षण आंदोलन का बड़ा चेहरा माना जाता है। मराठवाड़ा क्षेत्र में उनका बहुत सम्मान है। 2016 से 2018 तक जालना में मराठा आरक्षण आंदोलन का नेतृत्व भी मनोज जरांगे ने ही किया था। आइए जानते हैं कि कैसे सामान्य परिवार के साधारण युवक जरांगे इतने बड़े आंदोलन के इतना बड़ा चेहरा बना गए?

कैसे उन्होंने पूरे राज्य की सियासत में उठापटक मचा दीः-

42 साल के मनोज जरांगे पाटिल मूल रूप से महाराष्ट्र के बीड जिले के रहने वाले हैं। तकरीबन 20 साल पहले सूखे से त्रस्त होकर उनके पिता जालना के अंकुश नगर की मोहिते बस्ती में आकर बस गए थे। 4 बेटों में सबसे छोटे मनोज जरांगे आज मराठा समाज का बड़ा नेता बन चुके हैं। मराठा समुदाय के आरक्षण के प्रबल समर्थक मनोज जरांगे पाटिल अक्सर उन प्रतिनिधिमंडलों के हिस्सा रहे हैं, जिन्होंने आरक्षण की मांग के लिए राज्य के विभिन्न नेताओं से मुलाकात की है। साल 2010 में जरांगे 12वीं क्लास में थे, तभी उन्होंने पढ़ाई छोड़ दी थी। फिर वे आंदोलन से जुड़ गए। उन्होंने अपनी आजीविका चलाने के लिए एक होटल में भी काम किया। बीते 12 साल में जरांगे ने 30 से ज्यादा बार आरक्षण आंदोलन किया है। साल 2016 से 2018 तक भी उन्होंने जालना में आरक्षण आंदोलन का नेतृत्व किया। शुरू में मनोज जरांगे कांग्रेस के एक कार्यकर्ता थे। राजनीति में भी हाथ आजमाते हुए उन्होंने जालना जिले के युवा कांग्रेस के अध्यक्ष भी रहे। लेकिन विचारधारा के मतभेद के चलते जल्दी ही पार्टी से इस्तीफा दे दिया। बाद में मराठा समुदाय के सशक्तीकरण के लिए पार्टी से अलग होकर 'शिवबा संगठन' नाम की खुद की संस्था बना ली। मनोज जरांगे के परिवार की आर्थिक स्थिति कुछ खास नहीं थी। उनके परिवार में माता-पिता, पत्नी, तीन भाई और चार बच्चे हैं। जब संगठन चलाने के लिए उनके पास पैसे नहीं थे, तब उन्होंने अपनी 2 एकड़ जमीन बेच दी थी। मनोज के नेतृत्व में साल 2021 में जालना के पिंपलगांव में तीन महीने तक आरक्षण के लिए धरना दिया था। मराठा आरक्षण आंदोलन का केंद्र बन चुके अंतरवाली सराटी गांव के सरपंच पांडुरंग तारख का कहना है कि समाज के प्रति जरांगे का निःस्वार्थ भाव उनकी लोकप्रियता का बड़ा कारण है। उन पर भरोसा करने की वजह है कि उन्हे पैसा नही चाहिए। उन्हें कुछ भी नही चाहिए। उन्हें समाज के लिए काम करना है। मनोज जरांगे के साथ पिछले सात आंदोलनों में साथी रहे पिंपल गांव के गणेश महाराज बोचरे बताते हैं कि मनोज की ईमानदारी सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने कहा, "उनकी ईमानदारी हमारे दिल में घर कर चुकी है। समाज के लिए वो जो भी करते हैं, पूरे दिल और निःस्वार्थ भावना से करते हैं। वो कभी समाज के काम में पीछे नहीं हटते।"मनोज जरांगे की अनिश्चित भूख हड़ताल से उनकी जान को खतरा है, लेकिन ना तो पिता को और न ही उनकी पत्नी को इस बात की फिक्र थी। दोनों का यही कहना था कि वो समाज के लिए लड़ रहे है। समाज के युवकों को उच्च शिक्षा का मौका मिले, अच्छी नौकरी मिले। वो इसके लिए लड़ रहे हैं। इस लड़ाई में परिवार के सभी लोग उनके साथ हैं।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

दूरभाष नं. - (011) 47502546
फैक्स - (011) 27677673
प्रधान संपादकः रवि भारद्वाज
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

## स्टार्टअप में पहचान

**विजय गर्ग**

**भारत** की स्टार्टअप संस्कृति एक नए दौर में है। देश के युवाओं की रुचि इस और तेजी से बढ़ रही है कह सकते हैं कि स्टार्टअप की सफलता ने भारत में उद्यमिता को और अधिक बढ़ावा दिया है। इसने उच्च शिक्षित युवाओं को बाजार बदलने की प्रक्रिया के साथ ही पहचान बनाने का मौका भी दिया हैं। बड़ी संख्या में इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट ग्रेजुएट अब नौकरशाही या बहुराष्ट्रीय कंपनियों की नौकरियों के पीछे भागने के बजाय खुद के बल पर कुछ करना चाह रहे हैं। कुल मिलाकर, अभी स्टार्टअप स्थापित करने वाले युवाओं की जी संख्या है, उसे देखते हुए कहा जा सकता है कि भारत की स्टार्टअप संस्कृति निकार्न संस्कृति की ओर बढ़ रही है। देश में इस समय सौ से अधिक युनिकाने और बड़ी संख्या में स्टार्टअप हैं। प्रबंधन शिक्षा की भूमिका इसमें कोई दो राय नहीं कि स्टार्टअप और इनिकान के विकास में प्रबंधन शिक्षा की भी बड़ी भूमिका है, क्योंकि ज्यादातर सफल स्टार्टअप प्रबंधन या फिर इंजीनियरिंग ग्रेजुएट द्वारा ही स्थापित किए जा रहे हैं। किसी भी स्टार्टअप को खड़ा करने में जिस तरह तकनीकी पहलुओं को जानना - समझना जरूरी होता है, उसी तरह बिजनेस को सफल बनाने में मैनेजमेंट की बारीकियां समझने की भी आवश्यकता होती है। प्रबंधन के छात्रों के पास उद्यमिता को सफलता की राह पर आगे बढ़ाने की कुंजी होती है। उद्यमिता में क्या करना है, कैसे करना है, इसका तरीका प्रबंधन की सीख से ही मिलता है। कुल मिलाकर, एक बड़े बिजनेस आइडिया के लिए मैनेजमेंट का ज्ञान बहुत जरूरी होता है, तभी युवा सफल होने के साथ-साथ पैसे भी कमा पाएंगे।

**जरूरी है कौशलः** स्टार्टअप आरंभ करने के लिए सबसे पहले एक ऐसे नए उत्पाद या सेवा का आइडिया होना चाहिए, जिसकी मार्केट में मांग हो। मौजूद मांग को पूरा करने का कोई एक नया, सस्ता और बेहतर तरीका आपके पास होना चाहिए। इसके बाद अपने आइडिया को निवेशकों और पार्टनर्स के सामने पेश करने की कला आनी चाहिए। इसके अलावा, किसी भी र्टअप को सफलतापूर्वक चलाने के लिए अन्य कौशल की भी आवश्यकता होती है।

## समय पर पता चलने पर संभव है कैंसर का निदान

**योगेश कुमार गोयल**

**किसी भी** व्यक्ति के लिए कैंसर ऐसा शब्द है, जिसे अपने किसी परिजन के लिए डॉक्टर के मुंह से सुनते ही परिवार के तमाम सदस्यों की सांसें गले में अटक जाती हैं और पैरों तले की जमीन खिसक जाती है। ऐसे में परिजनों को परिवार के उस अभिन्न अंग को सदा के लिए खो देने का डर सताने लगता है। बढ़ते प्रदूषण तथा पोषक खानपान के अभाव में यह बीमारी एक महामारी के रूप में तेजी से फैल रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का मानना है कि हमारे देश में पिछले बीस वर्षों के दौरान कैंसर मरीजों की संख्या दोगुनी हो गई है। प्रतिवर्ष कैंसर से पीड़ित लाखों मरीज मौत के मुंह में समा जाते हैं। कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी से जूझ रहे मरीजों में आशा की नई उम्मीद जगाने, लोगों को कैंसर होने के संभावित कारणों के प्रति जागरूक करने, प्राथमिक स्तर पर कैंसर की पहचान करने और इसके शीघ्र निदान तथा रोकथाम के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से भारत में प्रतिवर्ष 7 नवम्बर को ह्यराष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवसह्व मनाया जाता है।

वास्तव में यह महज एक दिवस भर नहीं है बल्कि कैंसर से लड़ रहे उन तमाम लोगों में नई चेतना का संचार करने और नई उम्मीद पैदा करने का विशेष अवसर भी है।

भारत में कैंसर के करीब दो तिहाई मामलों का बहुत देर से पता चलता है और कई बार तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। कैंसर के संबंध में यह समझ लेना बेहद जरूरी है कि यह बीमारी किसी भी उम्र में किसी को भी हो सकती है किन्तु अगर इसका सही समय पर पता लग जाए तो लाइलाज मानी जाने वाली इस बीमारी का अब उपचार संभव है। यही वजह है कि देश में कैंसर के मामलों को कम करने के लिए कैंसर तथा उसके कारणों के प्रति लोगों को जागरूक किए जाने की आवश्यकता महसूस की जा रही है ताकि वे इस बीमारी, इसके लक्षणों और इसके भयावह खतरे के प्रति जागरूक रहें। कैंसर से लड़ने का सबसे बेहतर और मजबूत तरीका यही है कि लोगों में इसके प्रति जागरूकता हो, जिसके चलते जल्द से जल्द इस बीमारी की पहचान हो सके और शुरूआती चरण में ही इसका इलाज संभव हो। यदि कैंसर का पता शीघ्र लगा लिया जाए तो इसके उपचार पर होने वाला खर्च काफी कम हो जाता है।

# मेयर ने महाराजा अरुट चौक का मुआयना किया

## मेयर निखिल मदान ने निगम पार्षद सुरेंद्र मदान, निगम अधिकारियों और राष्ट्रीय पंजाबी महासभा के सदस्यों के साथ चौक के लिए प्रस्तावित जगह का किया निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**नगर निगम** मेयर निखिल मदान ने सोमवार को शहर के सेक्टर 14-15 डिवाइडिंग रोड पर बनने वाले महाराजा अरुट चौक का मुआयना किया। इस मौके पर उनके साथ निगम पार्षद सुरेंद्र मदान, राष्ट्रीय पंजाबी महासभा की पूरी कार्यकारिणी, नगर निगम कनिष्ठ अभियंता संदीप खोखर मौजूद रहे। मेयर निखिल मदान ने बताया कि पिछले महीने राष्ट्रीय पंजाबी महासभा के सदस्यों ने उन्हें शहर में महाराजा अरूट जी के नाम से चौक बनाने का ज्ञापन सौंपा था। इस प्रस्ताव को नगर निगम हाउस की बैठक में सर्वसम्मति से पास कर दिया गया था। अब महाराजा अरूट चौक



के लिए सेक्टर 14- 15 डिवाइडिंग रोड पर पुलिस थाना सेक्टर 27 और मुक्ति धाम के नजदीक बने चौराहे को चिन्हित किया गया है। आज नगर निगम अधिकारियों ने मौके का मुआयना किया है और जल्द ही चौक के निर्माण कार्य के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इस चौक पर पत्थर से गुंबदनुमा आकृति बनाने को लेकर सहमति बनी है जिसका लाइट लगाकर सौंदर्यीकरण भी किया जायेगा। साथ ही पूरे चौक को रंग रोगन से सुसज्जित कर महाराजा अरूट जी की सुंदर प्रतिमा लगाई जाएगी।

मेयर निखिल मदान ने कहा कि महापुरुष सभी जातियों के होते है। यह बड़े हर्ष का विषय है कि नगर निगम क्षेत्र में बने अन्य महा पुरुषों के चौक के साथ महाराजा अरूट जी के नाम से भी चौक बनने जा रहा है। इसके लिए वो समस्त अरोड़ा खत्री पंजाबी समाज को शुभकामनाएं देते है।आज समस्त पंजाबी समाज को अरूट महाराज जी के पद चिन्हों पर चलकर समाज को एकजुट करने का कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा की अरुट महाराज एक न्यायप्रिय राजा थे जिनके शासन में गरीब औ? वँचितों को पूरा सम्मान मिलता था। इस अवसर पर निगम पार्षद सुरेंद्र मदान, राष्ट्रीय पंजाबी महासभा के प्रधान गुरुदत खुशदिल, प्रेम नाथ रेलन, महासचिव एडवोकेट सौरभ सचदेवा, अमित आर्या, अर्जुन देव, डॉक्टर तारा, जयदयाल काठपालिया, ओम प्रकाश मुंजाल, डॉक्टर मूलचंद डाबरा,रमेश अरोड़ा, अंकुश खुशदिल, जुगल ज्योति आदि लोग मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री मोदी की दूरदर्शी सोच से देश आज बदल रहा है: सांसद शर्मा



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**राज्य सभा सांसद** कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि जनसंवाद कार्यक्रमों में आने वाली मांगो एवं समस्याओं की सीएम कार्यालय द्वारा मोनिटरिंग की जाती है और समाधान किया जाता है। सांसद कार्तिकेय शर्मा गांव भुरेवाला, लखनोरा व डैहर आदि में जनसंवाद कार्यक्रमों में लोगों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुन रहे थे। सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच व नीतियों के कारण आज देश बदल रहा है और हरियाणा भी मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में केंद्र व प्रदेश की योजनाओं को अग्रणी तौर पर कार्यान्वित कर रहा है। उन्होंने कहा कि आजादी के इस अमृत काल मे भारत दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा हरियाणा एक हरियाणावी एक की भावना से एक समान विकास कार्य हुए है,और जनसंवाद कार्यक्रम में सरकार की योजनाओं की जानकारी देने के साथ साथ समस्याओं को जानकर उनका हल करना है। इस अवसर पर एसडीएम सी. जया शारधा, भाजपा जिला प्रधान राजेश बतोरा, जिला परिषद के पूर्व चैयरमेन सुरेंद्र राणा, नगरपालिका के पूर्व चैयरमेन अमित वालिया सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व ग्राम पंचायत सदस्य तथा ग्रामीण मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल तथा मन्त्रीगण, सांसद व विधायक द्वारा भी प्रदेश में अलग अलग जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित कर लोगों की समस्याएं सुनी जा रही है और अब तक 32 हजार के लगभग समस्याएं आई है। जिनमे से 9 हजार का समाधान कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि सभी समस्याओं को पोर्टल पर अपलोड किया जाता है। कुछ समस्याएं स्थानीय स्तर की होती है जिनका जिला प्रशासन के माध्यम से हल किया जाता है। उन्होंने कहा कि जनसंवाद कार्यक्रम में आई समस्याओं को वे मुख्यमंत्री से मिलकर उनके सामने रखेंगे। उन्होंने कहा कि जनसंवाद कार्यक्रम सरकार की एक बढि?ा पहल है। सांसद ने गांव लखनोरा में बिजली निगम से सम्बंधित आई पोल शिफ्ट करने से सम्बंधित शिकायत पर शिकायतकर्ता को अपना मोबाइल नम्बर देते हुए बिजली निगम के अधिकारी को समस्या के समाधान के लिए समयसीमा बताने को कहा। अधिकारी द्वारा एक सप्ताह के अंदर समाधान की बात कहने पर सांसद ने शिकायत कर्ता को अपना मोबाइल नम्बर दिया और कहा कि अगर समाधान नही होता है तो मुझे फोन पर बताएं। सांसद कार्तिकेय शर्मा ने राधा कृष्ण बाल आश्रम नारायणगढ़ के संचालकों के अनुरोध पर आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया। उन्होंने गांव भुरेवाला में अधूरे कम्यूनिटी हाल का कार्य पूरा करवाने के निर्देश एसडीओ पंचायती राज को दिए। भुरेवाला में पानी की समस्या के समाधान हेतु सम्बंधित अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने गांव भुरेवाला में परिवार पहचान पत्र बनवाने व त्रुटियों को दूर करने के लिए केम्प लगाने के निर्देश भी दिए। भाजपा जिला प्रधान राजेश बतोरा ने सांसद कार्तिकेय शर्मा का स्वागत करते हुए जनसंवाद कार्यक्रम व सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

## न्यूज फ्लैश

### खरीफ सीजन के तहत जिला में की जा चुकी 02 लाख 98 हजार 903 मीट्रिक टन धान की खरीद

**सोनीपतः उपायुक्त** डॉ मनोज कुमार ने कहा कि खरीफ सीजन के अंतर्गत जिला में धान और बाजरा की आवक के साथ ही सुचारू रूप से इनकी खरीद की जा रही है। सोनीपत जिला में 05 नवंबर सायं तक 02 लाख 98 हजार 903.76 मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। इनमें ग्रेड-ए 4647.76 मीट्रिक टन, पीआर कॉमन धान 650 मीट्रिक टन, बासमती 01 लाख 01 हजार 121 मीट्रिक टन तथा 1509 किस्म 01 लाख 92 हजार 454.5 मीट्रिक टन शामिल है। इसके अलावा जिला की सभी खरीद केंद्रों पर अब तक किसान 1243.3 मीट्रिक टन बाजरा लेकर पहुंचे है। जिसकी खरीद की जा चुकी है। उपायुक्त ने कहा कि धान व बाजरा की खरीद के लिए प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां की गई है। किसान के धान व बाजरे के एक-एक दाने को खरीदा जाएगा। उन्होंने कहा कि मंडियों व खरीद केंद्रों में किसानों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया है।

### वार्ड 04 में 1 करोड़ की लागत से होंगे विकास कार्य, विधायक की धर्मपत्नी नीरू विज और मेयर अवनीत कौर ने किया शिलान्यास

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**पानीपत शहरी** विधानसभा के वार्ड 04 में लगभग 01 करोड़ की लागत से होने जा रहे विकास कार्यो का शिलान्यास बीते सोमवार को पानीपत शहरी



विधायक प्रमोद विज की धर्मपत्नी नीरू विज और मेयर अवनीत कौर ने भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं और स्थानीय जनों की उपस्थिति में किया। वार्ड में लगभग 50 लाख की लागत से बनने जा रही आर्य समाज धर्मशाला के निर्माण का श्रीफल तोड़ कर शिलान्यास किया एवं नीव रखी, वही देवी मंदिर में 50 लाख की लागत से बनने जा रहे फिजियोथैरेपी सेंटर का भी शिलान्यास किया गया कनीरू विज ने थेरेपी सेंटर के निर्माण कार्य के शिलान्यास से पूर्व देवी मंदिर में दर्शन कर पूजन अर्चन किया एवं माँ दुर्गा से विश्व मंगल की कामना की, नीरू विज ने बातचीत में कहा कि विधायक दिन रात पानीपत के विकास हेतु चिंतित रहते है, एवं मुख्यमंत्री मनोहर लाल के द्वारा दिये गये जनसेवा के मूल मंत्र को साधते हुए पानीपत की जनता की सेवा हेतु सदैव तत्पर रहते हैं इस कार्यक्रम के अवसर पर वार्ड 04 के पार्षद रविन्द्र नागपाल, मंडल अध्यक्ष हरीश कटारिया, महिला मोर्चा भाजपा की जिलाध्यक्ष इंदु कुकरेजा और भाजपा जिला सचिव सोनिया गाबा, भाजपा नेत्री आशु नंदा एवं समस्त सम्मानित जन मौजूद रहे

### सीआरए कॉलेज के विद्यार्थी शिवम व मोहित ने स्केटिंग प्रतियोगिता में झटके सिल्वर मेडल

**सोनीपतः गोहाना** में आयोजित जिला स्तरीय स्केटिंग व आइस स्केटिंग में सीआरए कॉलेज सोनीपत के बीए प्रथम वर्ष के विद्यार्थी शिवम व मोहित ने सिल्वर व ब्रॉन्ज मेडल झटके, शिवम ने दो सिल्वर मेडल स्केटिंग में व एक सिल्वर मेडल आइस स्केटिंग में जीता वहीं दूसरी तरफ मोहित में स्केटिंग में एक ब्रोंज मेडल व आइस स्केटिंग में सिल्वर मेडल



जीता। खिलाड़ी विद्यार्थियों के जीतकर कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ नरेंद्र सिंह ने विजेता खिलाड़ियों को आशीर्वाद दिया। इस मौके पर जनसंपर्क अधिकारी विक्रम तुषीर उपस्थित रहे। कालेज के खेल प्रकोष्ठ संयोजक डॉ विकास गहलावत ने विद्यार्थियों को बधाई दी।

# आर्य प्रतिनिधि सभा के अंतरंग सदस्यों की प्रदेश स्तरीय बैठक का आयोजन किया

**टीम एक्शन इंडिया/ पानीपत, कमाल हुसैन**

**आर्य बाल** भारती पब्लिक स्कूल के सभागार में आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा रोहतक के अंतरंग सदस्यों की प्रदेश स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के प्रधान सेठ राधा कृष्ण आर्य ने की और आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल के प्रधान रणदीप कादियान ने विद्यालय में पहुंचने पर सभी का स्वागत व आभार व्यक्त किया। प्रधान



सेठ राधा कृष्ण आर्य ने आर्य बाल भारती परिसर में लगभग 5 करोड़ की लागत से बनाए जा रहे प्रशासनिक भवन के निर्माण कार्यों का जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। सेठ राधा कृष्ण आर्य ने कहा कि संसार से अज्ञानता और अंधविश्वास को समाप्त करने के लिए ही ऋषि दयानंद ने आर्य समाज की स्थापना की थी और हरियाणा आर्य प्रतिनिधि सभा ऋषि दयानंद और स्वामी श्रद्धानंद के बताए मार्ग पर चलते हुए समाज से अज्ञानता अंधविश्वास और आडंबर को समाप्त करने के सभी प्रयास कर रही है। आर्य प्रतिनिधि सभा की ओर से अनेक प्रचार रथ हरियाणा के सभी जिलों और विकासखंड मुख्यालय पर पहुंचकर वैदिक धर्म का प्रचार प्रसार कर रहे हैं।

# हम छात्र पार्टी ने बनाई गेटवे की कार्यकारिणी



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**युवाओं की** हम पार्टी ने गेटवे में कार्यकारिणी का गठन किया। हर युवा और छात्र को सामाजिक और राजनैतिक रूप से संगठित करना ही हम का उद्देश्य है। हम पार्टी हर कॉलेज और संस्थान में अपना सदस्यता अभियान चलाए हुए है और इसी कड़ी में आज गेटवे में कार्यक्रम का आयोजन किया गया युवाओं और छात्रों का प्रतिनिधित्व करने वाली हम पार्टी ने गेटवे में आज मिलन को प्रधान और नितिन शर्मा को उप प्रधान नियुक्त किया। इस समारोह में सूरज देवा, तुषार पंडत ,हिंदू कॉलेज के प्रधान हनी दहिया , आईटीआई के प्रधान एंडी राणा, विनीत सरोहा, दीपांशु, हिमांशु ने पोहोच के समर्थन किया।

सूरज देवा ने कहा की हम युवाओं की पार्टी है जिसका उद्देश्य सोनीपत में युवा शक्ति को स्थापित करना है।

# कानूनी अधिकार विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**

**आई.बी** स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पानीपत में महिला प्रकोष्ठ एवं कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में महिलाओं के कानूनी अधिकार विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महिलाओं के कानूनी अधिकारों के प्रति जागरुक्ता व्यक्त करने के लिए हमारे कॉलेज के कई छात्र-छात्राओं ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग ने इस सफल आयोजन पर बधाई देते हुए कहा कि इस प्रतियोगिता में हम समाज को महिलाओं के कानूनी अधिकारों के महत्व के बारे में जागरूक करने का प्रयास कर रहे हैं। प्रतियोगिता के बाद पोस्टरों की प्रदर्शनी लगाई गई जिसमें निर्णायक मंडल की भूमिका प्रो.



कनक, डॉ. निधि, प्रो. करुणा, प्रो. रितिका ने निभाई ।

प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे प्रथम पुरस्कारः यश बी.सी.ए (प्रथम वर्ष), द्वितीय पुरस्कारः शीला बी.ए.(तृतीय वर्ष) तृतीय पुरस्कारः जय गहलोत बी.कॉम, प्रथम वर्ष सांत्वना पुरस्कारः झलक बीए(प्रथम वर्ष), इश्मीत बी. बी.ए (प्रथम वर्ष) महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका डॉ. किरण मदान ने कहा कि महिला कानूनी अधिकारों का महत्व महिलाओं के लिए समाज में समानता और न्याय की दिशा में भूमिका निभाता है। यह छात्रों को जागरूक करने में मदद करता है।

# राईट टू सर्विस कमीशन करेंगे बैठक

**सोनीपतः राईट टू** सर्विस कमीशन हरियाणा के चीफ कमिश्नर टीसी गुप्ता 8 नवंबर को दोपहर बाद 03:00 बजे लघु सचिवालय में बैठक लेंगे, जिसमें वे सेवा का अधिकार अधिनियम-2014 के लाभार्थियों से सीधी बातचीत करेंगे। वे विशेष रूप से आटो अपील सिस्टम आस को लेकर भी बातचीत करेंगे। उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आयोग का उद्देश्य आम जनमानस तक सरकारी सेवाओं तथा योजनाओं का पूर्ण लाभ समयबद्ध अवधि में दिलाना है। इसके लिए अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की गई है। उन्होंने लाभार्थियों का भी आह्वान किया कि वे बैठक में अवश्य हिस्सा लें।

# 'राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ आम व्यक्ति तक पहुंचाने में अधिकारी पुल का करते कार्य'

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**

**उपायुक्त डॉ.** वीरेंद्र कुमार दहिया ने सोमवार को जिला सचिवालय में राज्य सरकार द्वारा संचालित की जा रही योजनाओं की वर्तमान स्थिति जानने को लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की व कुछ जरूरी दिशा निर्देश दिये। उपायुक्त ने कहा कि राज्य सरकार की योजनाओं का आम व्यक्ति को लाभ तभी मिलता है जब अधिकारी रूचि लेकर कार्य करते हैं। योजनाओं को धरातल पर लागू करवाने में अधिकारियों की अहम भूमिका होती है। उपायुक्त ने इन योजनाओं का कितने उपभोक्ताओं को लाभ पहुंचा है, का



डाटा शीघ्रता से तैयार करके देने के अधिकारियो को निर्देश दिये।

उपायुक्त ने कहा कि सरकारी विभागों में आम जन की सुविधा को लेकर अनेक कल्याणकारी योजनाएं क्रियान्वित की जा रही है। इन योजनाओं का जो व्यक्ति लाभ लेने के पात्र है उनको शीघ्रता से इनका लाभ पहुंचायें। किसी भी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिये। इन योजनाओं से जुडक? आम व्यक्ति लाभान्वित हो रहा है। उपायुक्त ने कहा कि आम आदमी को सरकार की योजनाओं का समय पर लाभ मिले यह सरकार का कर्तव्य है। इसमें अधिकारी किसी भी प्रकार की देरी ना करें। राज्य सरकार की योजनाओं के साथ जनहित जुड़ा है। जनता के हित को ध्यान में रखकर ये योजनाएं धरातल पर क्रियांवित की जा रही हैं। हमें ईमादारी व समय अवधि पर इनका निस्तारण करना चाहिये। इससे प्रशासन व सरकार के प्रति आम व्यक्ति का विश्वास बना रहता है। बैठक में उपायुक्त ने पशुपालन विभाग, रोड़वेज, रिवन्यु व कई अन्य जरूरी विभागों के अधिकारियों से राज्य सरकार की उनके विभाग में क्या स्थिति है कितनी योजनाओं का उपभोक्ता को लाभ मिला है। कितने उपभोक्ताओं के आवेदन पर अमल हुआ है। कितने आवेदन रद्द हुए है। रदद होने का क्या कारण है।

# होम साइंस की छात्राओं ने ली मिड-डे-मील योजना की जानकारी

## वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जटवाड़ा का दौरा करते हुए किया अध्ययन



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**जीवीएम** गर्ल्ज कालेज की होम साइंस विभाग की छात्राओं ने सरकार की मिड-डे -मील योजना की जानकारी हासिल करते हुए बच्चों के लिए आवश्यक खान-पान सामग्री को लेकर चर्चा की। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. रेनू भाटिया ने सफल शैक्षणिक दौरा कार्यक्रम की बधाई देते हुए कहा कि अपने ज्ञान को बांटते रहना चाहिए। जीवीएम की होम साइंस विभाग की प्राध्यापिका दिव्या व प्रिया के नेतृत्व में छात्राओं ने पीएम पोषण स्कीम के तहत मिड-डे-मील का जायजा लिया। कालेज की छात्राओं में शानू, सृष्टिद्द, तनू, प्रगति, काजल तथा शिवानी शामिल रही। छात्राओं ने मिड-डे-मील के सप्ताहभर के चार्ट का अध्ययन विशेष रूप से किया। उन्होंने स्वयं भी बताया कि पहली से आठवीं कक्षा तक के छात्र को प्रतिदिन कितने पोषक आहार की आवश्यकता होती है। कैलोरी, प्रोटिन, फूड ग्रेन्स, पल्सिज व सब्जियों की प्रतिदिन के हिसाब से मात्रा की जानकारी दी। प्राध्यापिका दिव्या व प्रिया ने कहा कि प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण स्कीम के अंतर्गत बच्चों को पूर्ण पोषण आहार उपलब्ध करवाने पर विशेष रूप से ध्यान दिया गया है। इस योजना को स्कूलों में सही प्रकार से लागू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बच्चों को पूर्ण पोषण देना चाहिए ताकि उनका सही विकास हो सके। साथ ही उन्होंने शैक्षणिक दौरा कार्यक्रम में विशेष सहयोग के लिए स्कूल प्रिंसीपल सहित संबंधित स्टाफ कर्मियों का आभार व्यक्त किया।

# मेजर जरनल ने कैंटीन का निरीक्षण कर ग्राहकों से की बातचीत

## कैंटीन में पहुंचने पर कर्नल सुरेन्द्र मलिक (मैनेजर) कैंटीन ने मेजर जरनल का स्वागत किया

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत।**

**पुरखास रोड** स्थित गोल्डन लाइन कैंटीन में अंबाला से पहुंचे मेजर जरनल संजय मैनी ने कैंटीन का निरीक्षण कर कैंटीन में आए ग्राहकों से बातचीत की। कैंटीन में पहुंचने पर मेजर जरनल मैनी का कैंटीन के मैनेजर कर्नल सुरेन्द्र मलिक ने स्वागत किया। इसके बाद कर्नल सुरेन्द्र मलिक (मैनेजर) ने कैंटीन का निरीक्षण करवाया। कैंटीन का निरीक्षण करते हुए जनरल संजय मैनी ने भूतपूर्व सैनिकों और इनके आश्रितों से वातार्लाप की। उन्होंने भूतपूर्व सैनिकों, सुबेदार मेजर



सुखविंदर और हवलदार जोगेन्द्र सिंह से बात की तो उन्होंने अपने कुछ सुझाव दिए और कहा कि लिकर (कैंटीन में) पूरा महीना आसानी से और हर ब्रांड मिल जाती है। ग्रोसरी सामान महीने में दो बार आता है। जिससे हमें भारी-भीड़ जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। और दो बार सामान आने कि वजह से लंबी कतार में लगना पड़ता है और सामान भी जल्दी समाप्त हो जाता है। उनका सुझाव है कि अंबाला से सामान दो बार की बजाय चार बार सामान भेजा जाए। ताकि हम सभी को पूरा महीना प्रचुर मात्रा में सामान मिलता रहे। मेजर जरनल ने उनकी बातें गौर से सुनी और उनको कैटीन का निरीक्षण करने के बाद मैनेजर कर्नल सुरेन्द्र मलिक के साथ कार्यालय में बैठकर उनके साथ वातार्लाप की और कैंटीन के अच्छे रख-रखाव ले-आऊट और साफ-सफाई की सराहना की। इससे प्रभावित होकर जनरल साहब ने पूरे स्टाफ की प्रशंसा की।

# 'जिला युवा महोत्सव के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाई सात नवंबर तक'

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता विभाग के तत्वावधान में 20-21 नवंबर को दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मुरथल डीसीआरयूएसटी में धूमधाम से आयोजित किया जाएगा। उपायुक्त डॉ मनोज कुमार ने यह जानकारी देते हुए प्रतिभाशाली युवाओं का आह्वान किया कि वे बढ़-चढकर महोत्सव में हिस्सा लें, जिसके लिए 07 नवम्बर तक आवेदन किया जा सकता है। उपायुक्त डॉ मनोज कुमार ने बताया कि 20 व 21 नवंबर को आयोजित होने वाले जिला युवा महोत्सव में भाग लेने के लिए अंतिम तिथि सात नवंबर तक बढ़ा दी गई है। पहले इसके लिए 31 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित किए गए थे। इस जिला युवा महोत्सव में युवा समूह नृत्य व लोक गीत, एकल लोक नृत्य एवं गीत, कहानी लेखन, पोस्टर मेकिंग, भाषण, फोटोग्राफी, तत्कालीन व्याख्यान आदि विषय पर प्रतियोगिताएं होंगी।

सदस्य सचिव एवं आईटीआई सोनीपत के प्रिंसीपल विक्रम सिंह ने बताया कि जिला युवा महोत्सव 2023 का आयोजन 20 व 21 नवंबर को आयोजित किया जाएगा। आवेदक की आयु एक जनवरी 2024 को 15 से 29 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

# गोकलपुर विधानसभा में कांग्रेस की हुई बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**गोकलपुर विधानसभा** कांग्रेस कमेटी के साथियों ने सभी वार्डों में अलग-अलग मीटिंग की। जिसमें गोकलपुर के अध्यक्ष राम बिलाश शर्मा, जोहरीपुर के अध्यक्ष अली हसन, हर्ष विहार में सतबीर महासचिव करावल नगर जिला कांग्रेस कमेटी में हुई। जिसकी अध्यक्षता आदेश भारद्वाज जिलाध्यक्ष करावल नगर जिला कांग्रेस कमेटी ने की और ऑब्जर्वर उत्तरी पूर्वी लोकसभा चमन भाई, जयकरण चौधरी ऑब्जर्वर पूर्वी दिल्ल, एन डी मकवाना, जिला ऑब्जर्वर व डॉक्टर एसपी सिंह, विधानसभा प्रत्याशी गोकलपुर मौजूद रहे। बैठकों में उपस्थित सभी साथियों ने अपने-अपने सुझाव दिए व भारतीय राष्ट्रीय





कांग्रेस के द्वारा उदयपुर संकल्प शिविर में लिए गए निर्णयों के बारे में बताया कि हर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में दो मंडलाध्यक्ष और सेक्टरों इंचार्ज बनाए जाएंगे ताकि हम और ज्यादा अच्छे ढंग से लोगों की मदद कर सके और लोगों के जीवन में आ रही रोजमर्रा की परेशानियों से निजात दिलाने के लिए काम कर सके। आदेश भारद्वाज ने कहा है कि आज दिल्ली सरकार की लापरवाही का आलम ये है कि दिल्ली में ना तो कोई राशन कार्ड बन रहा है ना गरीबों की पेंशन बन रही है।
इस मौके पर गोकलपुर से ब्लॉक अध्यक्ष रामबिलास शर्मा, प्रदीप भाई पुरुषोत्तम, गजेंद्र मलिक, पहलाद जिंदल, रामावतार शर्मा, सतीश सूर्यवंशी, प्रवक्ता शाहिद भाई, अशोक प्रधान, रामबीर यादव, जोहरीपुर से अली हसन ब्लॉक अध्यक्ष मुकेश कुमार, कांग्रेस प्रत्याशी वीरपाल कोहली, जिलाध्यक्ष एससीएसटी रोशनलाल ब्रह्म स्वरूप शर्मा, पूर्व निगम पार्षद कमरूद्दीन सैफी, डॉक्टर अकर्म जिला महासचिव, डॉक्टर इकबाल, आशीष कुमार, मुख्त्यार हासमी हर्ष विहार से सतवीर जिला महासचिव सुनील दत्त, कांग्रेस प्रत्याशी खुशी राम, प्रधान नूर हसन अय्यूब, रमेश व कांग्रेस के साथी उपस्थित रहे।

# माँ जगदंबा से ही मिलती हैं असुरों से लड़ने की शक्ति: मुखिया यादव

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**युवा सपा** नेता मुखिया यादव ने वेस्ट कांति नगर, महाराणा प्रताप पार्क, कृष्णा नगर दिल्ली में भव्य माँ जगदंबे के जागरण में पहुंच कर माँ जगदंबे का आशीर्वाद लिया। मुखिया यादव ने श्री महाकाली वैष्णों मित्र मण्डल आयोजक कर्ता श्री महाकाली वैष्णों मित्र मण्डल ग्रुप के सभी कार्यकर्ताओं एवं गुड्डू म्यूज़िकल ग्रुप का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि आयोजकर्ताओं द्वारा दिए गए मान-सम्मान के लिए मैं उनका आभारी हूँ। माता जगदंबा ही असुरों से लड़ने की शक्ति हमें हमेशा प्रदान करती हैं माँ की शक्ति से ही हम असुरों से लड़ते हैं। मुखिया यादव ने कहा की वर्तमान सरकार ने बहन



बेटियों के लिए कोई काम नहीं किया। सिर्फ.जगह के नाम बदलें गये हैं। सपा सरकार में बहन बेटियों की सुरक्षा के लिए 1090 तथा कन्या विधा धन जैसी सेवाएँ शुरू की गयी थी। मुखिया यादव ने कहा की समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर पुनः माताओं बहनों के लिए नई योजनाएँ समाजवादी पार्टी शुरू करेगी।

# बेलगाम चालकों पर कसी जाए नकेल, डीटीसी और क्लस्टर बसों के चालकों की हो गहन मेडिकल जांच: वत्स

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**डीटीसी क्लस्टर बस** कम्यूटर्स वैलफेयर एसोसिएशन और ग्रामीण यात्री परिषद् के अध्यक्ष शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने रोहिणी में हुए डीटीसी बस हादसे पर गहरी चिंता जताते हुए दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत को एक्स पर पोस्ट कर उनसे दिल्ली में दौड़ रही डीटीसी और क्लस्टर बसों के सभी चालकों का पुनः गहन मेडिकल परीक्षण कराने की मांग की है ताकि समय रहते उनकी बीमारी पकड़ में आ सके और जो मेडिकल फिट हो उसे ही सेवा में रखा जाए। इसके अलावा बहुत सी ए.सी इलैक्ट्रिक और



क्लस्टर बसों में चालकों ने अपने खर्चे से आडियो सिस्टम लगाया हुआ है जिससे वह गाड़ी चलाते समय तेज आवाज में संगीत बजाते हैं। इन आडियो सिस्टम को तत्काल उतरवाया जाए।

# ट्रैकमेन, कीमेन और गेटमैन सेफ्टी सेमिनार आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारतीय** रेल को कोई चला रहा है तो वह है ट्रैकमेन। ट्रैकमेन के बगैर रेल को चलाने की कल्पना तक नहीं की जा सकती है। यह लोग भीषण गर्मी, बरसात और कड़ाके की ठंड में भी अपनी डयूटी मुस्तैदी के साथ देते है, जिससे हमारी रेल सुरक्षित चलती है। यह बात रेलवे बोर्ड के मेम्बर (इंफ्रास्ट्रकचर) रूप नारायरण सुनकर ने यहां रेल हादसों के मानवीय तथा तकनीकी कारण और निवारण पर आयोजित सुरक्षा संगोष्ठी में शामिल ट्रैक मेन, कीमेन, गेटमेन आदि को संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर एनएफआईआर के अध्यक्ष गुमान सिंह, एनएफआईआर के उपाध्यक्ष व यूआरएमयू के महासचिव बीसी शर्मा, यूआरएमयू के अध्यक्ष एसएन




मलिक, मंडल मंत्री रमणिक शर्मा, मंडल अध्यक्ष आलोक शर्मा, वर्किंग प्रेसिडेंट डीके चावला, वाइस प्रेसिंडेंट पीएस सिसोदिया, महिला विंग अध्यक्ष सोनिया शर्मा, उर्मिला डोगरा, मनोज, टीके शर्मा, सुभाष चांद आदि मौजूद थे। इस मौके पर ट्रैकमेनों ने कहा कि उनसे 11-11 घंटे काम लिया जाता है और बदले में उन्हे आराम करने के लिए एक छत तक नहीं मिलती है। खुले आसमान में कड़काडी धूप और बरसात, ठंड के बीच काम करना पड़ता है। पीने की भी कोई व्यवस्था नहीं होती है। ट्रैकमेनों ने कहा कि जब हम सुरक्षित रहेगें तभी रेलवे भी सुरक्षित रहेगी। हम लोगों की सुरक्षा को लेकर कुछ नहीं हो रहा है। इन लोगों की ओर से बीसी शर्मा व गुमान सिंह ने मांगों का एक ज्ञापन रूप नारायण सुनकर को सौंपा।

# प्रदूषण के प्रकोप को देखते हुए संघ ने एलजी व मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली पंचायत** संघ ने अपने पंच प्रमुखो की बैठक में दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण से छोटे-छोटे बच्चे, बुजुर्ग व बेजुबान पक्षियों की परेशानी देख कर उपराज्यपाल दिल्ली व मुख्यमंत्री दिल्ली से मांग की है कि दिल्ली को प्रदूषण मुक्त रखने के लिए दिल्ली सीमा पर दिल्ली के चारों ओर वनों जंगलों को बनाया जाए, और इसमें बरगद, नीम, पीपल जैसे बड़े वृक्ष लगाएं जाएं, फलदार वृक्षों को भी लगाया जाए। वहीं उन्होंने यह भी कहा कि थोड़ी-थोड़ी दूरी पर तालाब वाटर बॉडी की तरह बनाए जाएं। ताकि इनमें बेजुबान पक्षियों का बसेरा हो और इनको भी प्रदूषण से बचाया जा सके। पंचायत संघ



प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा कि सरकार इन वनों, जंगलों के लिए एक बोर्ड का गठन करे तथा गांवों को भी जोड़कर संबंधित विभाग की जिम्मेवारी तय करें कि इनकी देखरेख ठीक से हो। संघ सह प्रमुख सुनील शर्मा ने कहा कि दूसरी ओर दिल्ली के गांवों में जो तालाब मौजूद है।

# नरेला: समाजसेवी एनडी अरोड़ा ने जन्मदिन पर बाटें लोगों में कंबल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नरेला में प्रसिद्ध** समाजसेवी नूतन दास अरोड़ा ने वृद्ध, विधवा, जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण कर अपना जन्मदिन मनाया और बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि केक काटने की बजाय गरीब, असहाय लोगों को कंबल वितरण करने से उन्हें सुकून मिलता है। ठंड के मौसम में कंबल पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे। उनके इस कार्य की क्षेत्र के लोगों ने खुले दिल से सराहना की। आपने जन्मदिन मनाते बहुत से लोगों को देखा होगा। लेकिन ऐसा जन्मदिन जिसमें गरीब परिवारों को ठंड से बचने के लिए कंबल







उपलब्ध हो जाए तो इससे बेहतर और क्या हो सकता है? जी हां, ऐसा ही जन्मदिन बाहरी दिल्ली के नरेला में प्रसिद्ध समाजसेवी व नरेला विकास संगठन के सेक्रेटरी एनडी अरोड़ा ने मनाया। अपने जन्मदिन के अवसर पर एनडी अरोड़ा ने सिंघु बॉर्डर रोड स्थित नरेला विकास संगठन के कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन कर गरीब, असहाय व जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण कर उनका आशीर्वाद लिया। ठंड के मौसम में कंबल प्रकार लोगों के चेहरे खिल उठे। कंबल वितरण करते हुए एनडी अरोड़ा ने भावविभोर होकर कहा कि ईश्वर ने मानव जीवन परोपकार कार्य हेतु पिछले जन्म के पुण्य कार्य के प्रतिफल में दिया है। हमें किसी न किसी खुशी के अवसर पर गरीब और असहाय लोगों की सेवा कर अपनी खुशी को व्यक्त करना चाहिए। गरीबों जरूरतमंदों की मदद करके मुझे खुशी मिलती है। कंबल वितरण पश्चात नरेला विकास संगठन के पदाधिकारी ने एनडी अरोड़ा के जन्मदिन के उपलक्ष में केसरिया रेस्टोरेंट में कार्यक्रम का आयोजन कर पुष्पगुच्छ, सुंदर उपहार भेटकर अरोड़ा को जन्मदिन की बधाई दी और ईश्वर से उनके स्वस्थ व दीघार्यु जीवन की कामना की और कहा कि समाज सेवा के प्रति उनकी सोच काफी सराहनीय है समाज के गरीब तबके के लोगों की सेवा करना ही सबसे बड़ी सेवा है। इस दौरान दावत पार्टी का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रधान हेमराज बंसल, चेयरमैन अब्बास अली, विशेष अतिथि डॉ गंगवाल, उप प्रधान डॉ. रजनीश गुप्ता, कोषाध्यक्ष श्रीनिवास वर्मा, उप प्रधान अनिल आर्य, उपप्रधान सुरेंद्र वर्मा, रचना, संगीता दिवाकर, सतवंती, रमेश कुमार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# काम की राजनीति में विश्वास रखता हूं, बातों की नहीं: खान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/महेंद्र सिंह**
**राजनीति में** लोग यह सोच कर आते हैं कि कम समय में दौलत और शोहरत हांसिल कर सके। वहीं आम आदमी राजनीति को कीचड़ भी समझते हैं। लेकिन ऐसा नहीं हैं कि सभी नेता क्रप्ट हो या फिर घोटालेबाज़ हो, कुछ चुनिंदा नेताओं की वजह से राजनीति बदनाम हो गई हैं, सभी राजनेता एक समान नहीं होते हैं। इसी बीच आज हम आपको एक ऐसी शख्सियत से मिलवाने जा रहें हैं, जो आज अपने कार्यों की बदौलत सुल्तानपुरी में किसी भी परिचय के मोहताज नहीं है। यहां पर हम बात कर रहें हैं सुल्तानपुर माजरा विधानसभा के नवनियुक्त विधानसभा उपाध्यक्ष रीयाजूद्दीन खान की।

**1995 में आया था राजनीति में:** आरडी खान ने बताया कि मैं राजनीति में साल 1995 में आया था, और उस दौरान मैं कांग्रेस पार्टी में बतौर कार्यकर्ता काफी साल तक काम करता रहा था। तत्पश्चात अन्ना आंदोलन के बाद मैने आम आदमी पार्टी की सदस्यता ली। खान ने बताया कि पार्टी ने मेरी मेहनत को देखते हुए साल 2020 में अल्पसंख्यक आयोग में दो बार सलाहकार सदस्य नियुक्त किया, अल्पसंख्यक आयोग में नोडल ऑफिसर रहा, उसके बाद दिल्ली सरकार की उर्स कमेटी में भी सलाहकार सदस्य का पदभार सौंपा गया। उन्होंने आगे बताया कि विधानसभा में दो बार माइनोरिटी विंग अध्यक्ष बनाया गया, उसके बाद वार्ड अध्यक्ष, उसके बाद सुल्तानपुरी विधानसभा में सचिव बनाया गया और 2023 में पार्षद प्रतिनिधि नियुक्त करने के बाद विधायक प्रतिनिधि बने और अब विधानसभा उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया हैं।

**राजनीति मेरे लिए सेवा के अतिरिक्त कुछ नहीं:** आरडी खान ने बताया कि राजनीति मेरे लिए जन सेवा करने के अतिरिक्त कुछ और नही हैं तथा मैं राजनीति में बस सेवा करने के लिए आया हूं, वही उन्होंने बताया कि मैं पिछले 6 साल से सर्व समाज







**खान ने कहा...**

> 8 पहले किसी भी पार्टी का छोटे से छोटा कार्यकर्ता भी बड़ी ही शिद्दत से काम करता था, सभी तबके के लोगों से जमीनी स्तर से जुड़ा होता था।

अमन कमेटी नामक संस्था चला रहा हूं जिसके माध्यम से सैंकडों गरीब परिवारों को राशन पानी सहित आर्थिक मदद भी मिल चुकी है। उन्होंने बताया कि मेरे पिताजी मुंशी खान मेरे मार्गदर्शी हैं तथा उनके दिखाए मार्ग पर ही में चल रहा हूं, क्योंकि मेरे पिताजी समाजसेवी थे जो निस्वार्थ भाव से लोगों की सेवा करते रहें थे।

**बहुत बदल गई राजनीति:** आरडी खान ने बताया कि अबकी राजनीति पहले जैसी बिल्कुल भी नहीं रही हैं, बहुत बदल गई हैं। पहले की राजनीति में पक्ष विपक्ष भले ही एक दूसरे के विचारों से सहमत न हों लेकिन एक दूसरे का आदर करता था, लेकिन अब ऐसा कुछ नहीं देखने को मिलता हैं। पहले किसी भी पार्टी का छोटे से छोटा कार्यकर्ता भी बड़ी ही शिद्दत से काम करता था, सभी तबके के लोगों से जमीनी स्तर से जुड़ा होता था, लेकिन अब राजनीति में कार्यकर्ता कम समय में बिना मेहनत के ज्यादा हांसिल करना चाहता हैं। आरडी खान ने बताया कि पार्टी में मेहनती कार्यकर्ताओं को कभी भी नज़रअंदाज नहीं किया जाता हैं।

**जो जनता का हितैषी हो वही हैं आदर्श नेता:** नेता की पहचान उसके आचरण, सादगी से होती हैं व एक नेता को आदर्शवादी होना बेहत जरूरी हैं। जनता का हितैषी होने के साथ-साथ दिन रात निस्वार्थ भाव से जनता कि सेवा करने का जज्बा रखता हो। मेरी नज़र में जिसमें यह सभी गुण हो वही हैं अच्छा और सच्चा नेता है।

# त्रीनगर: पूर्व कानून मंत्री जितेन्द्र तोमर ने किया सीवर लाइन का उद्घाटन







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**त्रीनगर विधानसभा** क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कोहाट वार्ड के पीतमपुरा गांव में दिल्ली के पूर्व कानून मंत्री व पूर्व विधायक जितेंद्र सिंह तोमर ने सीवर लाइन का उद्घाटन स्थानीय जनता व आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों द्वारा नारियल फोड़ कर करवाया। जानकारी के अनुसार कोहाट वार्ड के पीतमपुरा गाँव में दिल्ली जल बोर्ड द्वारा रामा मार्किट में डाली गई सीवर लाईन का उद्घाटन पीतमपुरा गाँव में आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों और गाँव के मौजूदा निवासियों से नारियल तुड़वा कर करवाया गया। मौके पर भारी संख्या में स्थानीय लोग भी मौजूद रहे। इस अवसर पर पूर्व कानून मंत्री तोमर ने बताया कि लोगों की सहूलियत को देखते हुए यह कार्य कराकर जनता को सौंपा गया है। इस दौरान क्षेत्र की जनता भी विधायक के शुरू किए गए इस कार्य से खुश नजर आये। वहीं लोगों ने जितेंद्र तोमर का फूल मालाओं से स्वागत किया। उदघाटन के बाद जितेन्द्र तोमर विधायक कोष से गाँव के जोहड़ वाले पार्क में चल रहे चार दीवारी, फुटपाथ, गेट इत्यादि के कार्य का निरीक्षण कर लोगों की समस्याओं से अवगत हुए। हालांकि इस दौरान क्षेत्र के लोगों ने तोमर के समक्ष अपनी समस्याएं भी रखी, जिसका विधायक ने जल्द से जल्द समाधान का आश्वासन दिया। तोमर ने कहा कि इलाके में पिछले लंबे समय से सीवर की समस्या बनी थी, जिसका समाधान निकालते हुए सीवरेज के कार्य पूर्ण करने के बाद आज उद्घाटन किया गया है।





# देव दीपावली पर पांच लाख पर्यटकों के आने की उम्मीद

## अभेद्य किला होगी काशी, मुख्यमंत्री ने की काशी में देव दीपावली को लेकर सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा, फ्लोटिंग डिवाइडर से गंगा में बनेंगे दो लेन, घाटों की होगी अभूतपूर्व सुरक्षा, 9 जोन, 11 सेक्टर और 32 सब सेक्टर में बांटे जाएंगे घाट

**तैयारियां**

**दीपोत्सव के बाद काशी की देव दीपावली में भी लाखों की संख्या में पर्यटकों के आने की उम्मीद**



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**नित्य** महोत्सव वाले उत्तर प्रदेश में आगामी दिनों में कई बड़े धार्मिक-सांस्कृतिक आयोजन होने हैं। अयोध्या के दीपोत्सव के बाद काशी की देव दीपावली में भी लाखों की संख्या में पर्यटकों के आने की उम्मीद है। ऐसे में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देव दीपावली पर वाराणसी कमिश्नरेट पुलिस की सुरक्षा संबंधित तैयारियों की समीक्षा की है। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि इस बार देव दीपावली पर 5 लाख से ज्यादा पर्यटकों के आने का अनुमान है। इसे देखते हुए काशी को अभेद्य किला बनाने की कवायद अभी से शुरू कर दी गई है। काशी के 84 घाटों को 9 जोन, 11 सेक्टर और 32 सब सेक्टर में बांटकर सुरक्षा-व्यवस्था का पूरा खाका तैयार कर लिया गया है।

**बनारस की गलियों में तैनात होंगी क्यूआरटी की 20 टीमें:** मुख्यमंत्री को वाराणसी के पुलिस कमिश्नर मुथा अशोक जैन और जिलाधिकारी एस राजलिंगम ने बताया है कि काशी में देव-दीपावली के दौरान सात घाटों पर सबसे ज्यादा भीड़ उमड़ने की संभावना है। इनमें अस्सी घाट, दशाश्वमेध घाट, अहिल्याबाई घाट, राजघाट, चेतसिंह घाट, नमो घाट और पंचगंगा घाट शामिल हैं। घाटों की सुरक्षा के लिए पहले से ही पूरा प्लान वाराणसी कमिश्नरेट पुलिस ने तैयार कर रखा है। साथ ही घाटों से लगने वाली संकरी गलियों में भी बड़े स्तर पर फोर्स का डिप्लॉयमेंट किया जाएगा।

### एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड और इंटेलिजेंस की टीमें भी रहेंगी

**देव** दीपावली पर काशी विश्वनाथ मंदिर के लिए भी अलग से सुरक्षा रणनीति बनाई गई है। देव दीपावली पर काशी की अभेद्य सुरक्षा के लिए एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड की टीमों की भी तैनाती होगी। सादे वेश में इंटेलिजेंस के जवान भी मौजूद रहेंगे। इसके अलावा दशाश्वमेध घाट और राजघाट पर एनडीआरएफ और नगर निगम की ज्वाइंट टीमें जल एंबुलेंस के साथ मौजूद रहेंगी। साथ ही साथ जल पुलिस की पांच टीमें भी लगातार गंगा नदी में पेट्रोलिंग करती रहेंगी। इनमें ड्रैगन लाइट, लाउड हेलर, बचाव उपकरण और वायरलेस सेट की उपलब्धता रहेगी।

### स्वच्छ ऊर्जा से संचालित होगा बल्क ड्रग पार्क

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**पर्यावरण** संरक्षण को लेकर संकल्पबद्ध योगी सरकार की भविष्य की सभी बड़ी परियोजनाएं स्वच्छ ऊर्जा पर आधारित होंगी। इसके लिए योगी सरकार की ओर से बड़े स्तर पर कार्य योजना तैयार कर बड़े-बड़े प्लांट सोलर एनर्जी से संचालित करने के निर्देश दिये गये हैं। इसी क्रम में ललितपुर के बल्क ड्रग पार्क को लेकर लोवर कार्बन फुटप्रिंट पर काम कर रही है। इसके तहत जहां सोलर एनर्जी से ऊर्जा उत्सर्जित की जाएगी वहीं ग्रीन एनर्जी की दिशा में ये बड़ा कदम होगा। इसके लिए कुछ निजी कंपनियों से वार्ता चल रही है। वहीं योगी सरकार बल्क ड्रग पार्क में हर्बल दवाओं की भी यूनिट लगाएगी। इसके लिए एक निजी कंपनी से एमओयू साइन कर लिया गया है। पार्क के आस-पास बनाए जाएंगे साइकिल ट्रैक: योगी सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को मिशन की तरह धरातल पर उतारने के लिए युद्धस्तर पर काम कर रही है।

# हिमाचल: डिस्मेंटल की जाएंगी 15 साल पुरानी गाड़ियां



**टीम एक्शन इंडिया/मंडी**
**प्रदेश में** 15 साल का समय पूरा कर चुकी विभिन्न गाड़ियों को अब सरकार ने डिस्मेंटल करने के आदेश जारी कर दिए हैं। इसमें लोक निर्माण विभाग की 170 के करीब जेसीबी और अन्य वाहन शामिल हैं। हालांकि नए वाहन कब आएंगे इसके लिए स्थिति स्पष्ट नहीं है, ऐसे में विभागों को ठेकेदारों पर ही निर्भर रहना पड़ेगा।

**विभागों में पुराने वाहन खड़े:** केंद्र सरकार की ओर से दिसंबर 2022 में जारी आदेशों के तहत 15 साल पुरानी गाड़ियों को सरकारी काफिले से हटाना था। प्रदेश सरकार ने भी अप्रैल माह में इसको लागू कर दिया। इसके बाद लोक निर्माण विभाग की जेसीबी, टिप्पर, छोटे वाहनों सहित कुल 170 गाड़ियां खड़ी हो गईं। जलशक्ति, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागों में भी पुराने वाहन खड़े कर दिए गए। हालांकि सबसे अधिक परेशानी लोक निर्माण विभाग को हुई है। इनको ठेकेदारों से मशीनरी लेनी पड़ी। इस कारण देनदारी भी बढ़ी है।

**वाहनों को डिस्मेंटल करने की तैयारी:** हालांकि जुलाई व अगस्त माह में आई आपदा के दौरान जिला उपायुक्तों ने अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए इन पुराने वाहनों का इस्तेमाल करने के आदेश दिए, जिस कारण कई रास्ते बहाल हो पाए, लेकिन अब आपदा के बाद इन वाहनों को डिस्मेंटल करने की तैयारी है।

# पंजाब: जीएसटी से पहले के बकाए के लिए एकमुश्त निपटारा योजना लागू

## मंत्रिमंडल की बैठक में हुआ फैसला, 60 हजार से अधिक कारोबारियों को होगा फायदा

**फैसला**

**मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में यह फैसला सोमवार को मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया**



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**राज्य** के व्यापारियों को दीपावाली का तोहफा देते हुये पंजाब सरकार ने जीएसटी लागू होने से पहले के बकाए का निपटारा करने के लिए एकमुश्त निपटारा स्कीम (ओटीएस) लागू करने के लिए हरी झंडी दे दी है। कैबिनेट ने पंजाब में फिर से मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना लागू करने को भी मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में यह फैसला सोमवार को मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया। मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रवक्ता ने बताया कि जीएसटी से पहले के बकाए का निपटारा करने के लिए रिकवरी ऑफ आउटस्टैडिंग ड्यूज स्कीम-2023 को लागू की गई है, जिससे कानूनी मामलों का बोझ कम होगा।

ओटीएस स्कीम 15 नवंबर से लागू होगी और 15 मार्च, 2024 तक लागू रहेगी। प्रवक्ता ने बताया कि इस स्कीम के तहत वह करदाता निपटारा करने के लिए आवेदन देने के योग्य होंगे, जिनका टैक्स, जुर्माना और 31 मार्च तक ब्याज एक करोड़ रुपये तक का है।

**27 नवंबर से मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा स्कीम को हरी झंडी:** मंत्रिमंडल ने 27 नवंबर को श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के मौके पर मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा स्कीम शुरू करने के लिए हरी झंडी दे दी है, जिससे देश भर में विभिन्न तीर्थ स्थलों के दर्शनों के लिए जाने के लिए राज्य निवासियों को सफर की सुविधा मुफ़्त मिलेगी।

# हिमाचल: 8 से 10 नवंबर तक बारिश-बर्फबारी के आसार

**शिमला:** हिमाचल प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से मौसम के तेवर बदलेंगे और बारिश व बर्फबारी होगी। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला द्वारा जारी पूवार्नुमान के अनुसार प्रदेश में 7 नवंबर तक मौसम साफ रहेगा। इस दौरान प्रदेश के सभी क्षेत्रों में धूप खिलने के आसार हैं। हालांकि आठ से 10 नवंबर तक मौसम करवट लेगा और इस दौरान पहाड़ों पर बर्फबारी व मैदानों में बारिश होने के आसार हैं। बारिश-बर्फबारी से तापमान में गिरावट आएगी।

# छत्तीसगढ़ में फटा हैंड ग्रेनेड, जवान शहीद

**फतेहपुर:** हिमाचल प्रदेश जिला कांगड़ा में फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र के बीएसएफ के हैड कॉन्स्टेबल बलवीर सिंह छतीसगढ़ में हैंडग्रेनेड फटने से बलिदानी हो गए। बलवीर सिंह फतेहपुर विधानसभा के राजा का तालाब (नेरना) के रहने वाले थे। जानकारी के मुताबिक रविवार को चुनाव ड्यूटी के लिए कटेकल्याण पुलिस थाने में तैनात बीएसएफ की 70वीं बटालियन की एक टीम तलाशी अभियान शुरू करने वाली थी। गश्ती दल थाना परिसर से बाहर जा रहा था। इसी दौरान तभी हेड कांस्टेबल बलबीर चंद के पास मौजूद पैकेट में हैंड ग्रेनेड मौजूद था जो अचानक से ब्लास्ट हो गया।

# सांसद निशंक ने किया योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान



**टीम एक्शन इंडिया/हरिद्वार**
**ग्राम** मिस्सरपुर में विधानसभा हरिद्वार ग्रामीण में भाजपा प्रदेश संगठन के चलाए जा रहे प्रवास कार्यक्रम के निमित्त हरिद्वार लोकसभा सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक ने पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। डॉ. निशंक ने आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी के लिए बूथ स्तर पर करणीय कार्यों के विषय में विस्तारपूर्वक चर्चा कर केंद्र एवं प्रदेश सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों से परिचय कर पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं की समस्याओं से अवगत होकर जल्द से जल्द समाधान करने को कहा। उन्होंने कार्यकताओं को बूथों पर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन कर नए सदस्य बनाने एवं बूथ पर पार्टी द्वारा अनिवार्य कार्यक्रम करने को कहा। मेरा बूथ सबसे मजबूत बनाने की दिशा में बढ़ने, बूथ स्तर पर लाभार्थियों की छोटी-छोटी वीडियो बनाकर सोशल मीडिया के माध्यम से आमजन मानस तक पहुंचाने के लिए कहा।

**चुनावी सरगर्मी**

## कितने नौजवान हैं, जिन्हें भाजपा ने रोजगार दिया है: प्रियंका गांधी

# 'सरकार ने 22000 घोषणाएं कीं, पूरी 22 भी नहीं हुई'



**टीम एक्शन इंडिया/धार**
**कांग्रेस** की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी चुनाव प्रचार को लेकर सोमवार को धार जिले के कुक्षी विधानसभा के ग्राम डही में पहुंची थीं। आदिवासियों को साधने के लिए यहां उनकी सभा की गई। उन्होंने भाजपा पर जमकर हमला बोला। प्याज के बढ़ते भावों पर तंज कसा। उन्होंने युवाओं के रोजगार और बढ़ते महिला अपराधों को लेकर सरकार पर निशाना साधा। डही के पुलिस ग्राउंड पर आमसभा हुई। कमलनाथ भी प्रियंका के साथ थे। धार जिले की सातों विधानसभा सहित बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ जिलों से उनकी सभा को लेकर प्रत्याशी तथा पार्टी कार्यकर्ता व बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। सभा को संबोधित करते हुए प्रियंका गांधी ने कहा कि मुझे यहां आकर बहुत गर्व हो रहा है। ये पावन धरती है। आप सब जानते हैं कि मैं इंदिरा गांधी जी की पोती हूं। आप सब उनको बहुत मानते थे, आपके मन में उनके लिए बहुत इज्जत थी। आपके लिए भी उनके दिल मे बहुत इज्जत और श्रद्धा थी। वो आपकी संस्कृति समझती थीं। इसलिए उन्होंने ओर जवाहरलाल नेहरू जी ने आपके लाभ की नीतियां बनाईं। आज जब मैं यहां आ रही थी तो कई नौजवान खड़े देखे। मैं पूछना चाहती हूं कि कितने नौजवान हैं, जिन्हें भाजपा ने रोजगार दिया है। इस सरकार ने 22 हजार घोषणाएं की हैं, लेकिन 22 भी पूरी नहीं की। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश की जनता को कांग्रेस की गारंटियों पर भरोसा है। भाजपा जा रही है और कांग्रेस आ रही है। प्रियंका ने कहा कि युवाओं को न रोजगार मिल रहा है, न ही मप्र में उद्योग लग रहे हैं। उज्जैन में एक बच्ची

